● वर्ष : 17 ● अंक : 158 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHI / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 29 मार्च 2026

लोकतंत्र का स्तंभ

# प्रधानमंत्री ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया, एमआरओ सुविधा का भी शिलान्यास

**एजेंसी। नोएडा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर एयरपोर्ट) के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विमान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधा का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य को नई उड़ान देने वाला प्रयास है। विकसित भारत के संकल्प के तहत आज एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है और उत्तर प्रदेश अब देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे विकसित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन दोनों करने का अवसर मिला, जो उनके लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने इसे जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन बनेगा और आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर सहित पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट किसानों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आएगा। यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ-साथ क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। यह परियोजना "विकसित उत्तर प्रदेश" की उड़ान का प्रतीक बनेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कई देशों में खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं का संकट उत्पन्न हुआ है। भारत भी इस क्षेत्र से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है, लेकिन सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम नागरिकों और किसानों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि संकट के बावजूद भारत की विकास गति बरकरार है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हाल के सप्ताहों में इस क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू या पूर्ण हुए हैं, जिनमें नोएडा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास, दिल्ली-मेरठ नमो भारत रेल की प्रगति और मेरठ मेट्रो का विस्तार शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट "डबल इंजन सरकार" की कार्य संस्कृति का उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2003 में स्वीकृति मिलने के बावजूद पूर्ववर्ती सरकारों ने इस परियोजना को वर्षों तक लंबित रखा। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद ही इस परियोजना को गति मिली और आज यह साकार हो पाया है। उन्होंने क्षेत्र में विकसित हो रहे फ्रेट कॉरिडोर का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे उत्तर भारत की समुद्री बंदरगाहों से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। दादरी जैसे जंक्शन के माध्यम से कृषि और औद्योगिक उत्पाद अब तेजी से देश और दुनिया तक पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने किसानों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जमीन के योगदान से यह परियोजना संभव हो पाई है। आधुनिक कनेक्टिविटी के विस्तार से फूड प्रोसेसिंग उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा और कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार में बेहतर कीमत मिलेगी। एथेनॉल उत्पादन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश की कच्चे तेल पर निर्भरता कम हुई है और किसानों को आर्थिक लाभ हुआ है। एथेनॉल मिश्रण के कारण देश को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और यह राशि किसानों तक पहुंची है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 74 हवाई अड्डे थे, जो अब बढ़कर 160 से अधिक हो गए हैं। उड़ान योजना के तहत आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा सुलभ बनी है और अब तक करोड़ों लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। सरकार ने इस योजना के विस्तार के लिए हजारों करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी है। उन्होंने एमआरओ सुविधा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अभी भारत के अधिकांश विमान रखरखाव के लिए विदेश भेजे जाते हैं, लेकिन जेवर में विकसित होने वाली यह सुविधा देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य नागरिकों को बेहतर सुविधा देना, समय की बचत करना और यात्रा को सस्ता बनाना है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को असम और पुडुचेरी के भाजपा कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए असम और पुडुचेरी में पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता से संवाद करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। वे 30 मार्च को 'नमो ऐप' के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि असम ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय विकास किया है और राज्य की प्रगति सभी के सामने है। उन्होंने विश्वास जताया कि असम में लोग राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को एक बार फिर समर्थन देंगे और राज्य आने वाले पांच वर्षों तक 'डबल इंजन सरकार' के साथ आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि वे 30 मार्च की दोपहर असम के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और चुनावी रणनीति तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। इसी तरह एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में राजग सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पुडुचेरी की जनता एक बार फिर राजग को समर्थन देगी। प्रधानमंत्री 30 मार्च को शाम 5:30 बजे पुडुचेरी के पार्टी कार्यकर्ताओं से भी संवाद करेंगे। यह संवाद कार्यक्रम भाजपा के संगठनात्मक अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़कर चुनावी तैयारियों को मजबूत करना है।

## मोदी-ट्रंप की टेलीफोनिक बातचीत में एलन मस्क की मौजूदगी से दुनिया हैरान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दोनों नेताओं ने होर्मुज को खुला, सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने पर दिया जोर**



ईरान युद्ध के बीच पीएम मोदी और ट्रंप की एक टेलीफोनिक बातचीत में एलन मस्क की मौजूदगी ने सबको हैरान कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक गंभीर भू-राजनीतिक संकट के दौरान दो राष्ट्राध्यक्षों की चर्चा में एक निजी नागरिक का शामिल होना एक असामान्य घटना है। इस बातचीत का मुख्य विषय पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और उसके वैश्विक प्रभाव थे। खास तौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला, सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बहुत अहम है और विश्व ऊर्जा बाजार की स्थिरता में इसकी बड़ी भूमिका है। वैसे ऐसी तमाम अटकलों पर विदेश मंत्रालय ने विराम लगाते हुए आधिकारिक बयान जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि इस संवाद का केंद्र केवल आपसी सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता था और यह बातचीत केवल पीएम मोदी और ट्रंप के बीच ही हुई। जबकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एलन मस्क इस कॉल का हिस्सा थे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया या नहीं, लेकिन उनकी मौजूदगी कई सवाल खड़े कर रही है। मस्क की कंपनियों का मध्य पूर्वी संप्रभु वेल्थ फंड्स के साथ गहरा निवेश संबंध है। मस्क लंबे समय से भारत में व्यावसायिक अवसरों की तलाश कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में ट्रंप और मस्क के बीच संबंधों में काफी सुधार हुआ है, जो इस कॉल में उनकी मौजूदगी का एक बड़ा कारण हो सकता है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने की रणनीतिक जरुरत पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि भारत तनाव कम करने और जल्द शांति बहाल करने के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच इस मुद्दे पर लगातार संपर्क बनाए रखने पर सहमति बनी है। भारत की ओर से जारी बयान में यह भी कहा गया कि होर्मुज के जरिए सुरक्षित आवाजाही वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत जरुरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान "महीनों नहीं, कुछ हफ्तों में" पूरे कर लेंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान



"समय-सीमा के मुताबिक या उससे आगे" चल रहा है और उम्मीद जताई कि इसके लक्ष्य "महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में" पूरे हो जाएंगे। फ्रांस में जी7 देशों के साथ बैठकों के बाद बोलते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इस मिशन की शुरुआत से ही स्पष्ट रूपरेखा तय की गई थी। उन्होंने कहा कि हम ईरान की नौसेना और वायुसेना को नष्ट करेंगे। हम मूल रूप से उनकी मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता को उनकी फैक्ट्रियों में खत्म कर देंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कहा इस अभियान का उद्देश्य "मिसाइल लॉन्चरों की संख्या को काफी कम करना" है, ताकि ईरान "इनके पीछे छिपकर परमाणु हथियार बनाने और दुनिया को धमकाने" में सक्षम ना हो सके। रुबियो ने कहा कि प्रगति लगातार हो रही है। "हम इस ऑपरेशन में समय-सीमा के अनुसार या उससे आगे हैं और उम्मीद है कि इसे उचित समय पर महीनों में नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में पूरा कर लिया जाएगा। रुबियो ने ऑपरेशन के बाद संभावित जोखिमों की भी चेतावनी दी, खासकर होर्मुज जलडमरू मध्य में जो वैश्विक तेल आपूर्ति का एक अहम मार्ग है। उन्होंने कहा कि ईरान वहां टोल प्रणाली लागू करने की कोशिश कर सकता है, जिसे उन्होंने "अवैध", "अस्वीकार्य" और "दुनिया के लिए खतरनाक" बताया।

### अमरावती को आंध्रप्रदेश की राजधानी बनाने विधानसभा में पेश हुआ प्रस्ताव

**अमरावती।** आंध्रप्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को विधानसभा में एक अहम प्रस्ताव पेश



किया, जिसमें केंद्र सरकार से अमरावती को राज्य की राजधानी के रूप में वैधानिक मान्यता देने का आग्रह किया। विधानसभा का यह सत्र विशेष रूप से अमरावती को राजधानी के रूप में कानूनी दर्जा दिए जाने की मांग वाले प्रस्ताव पर चर्चा करने और इसे बुलाया गया था, जो राजधानी शहर के मुद्दे पर स्पष्टता और स्थिरता लाने की दिशा में एक अहम कदम है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपने संबोधन में सीएम नायडू ने इस बात पर जोर दिया कि राजधानी के मुद्दे पर कानूनी निश्चितता आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में उचित संशोधनों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। विधानसभा ने भारत सरकार से अधिनियम की धारा 5 में संशोधन करने का अनुरोध करने का संकल्प लिया। यह संशोधन अमरावती में शब्द जोड़कर और स्पष्टीकरण का विस्तार करके किया जाएगा, ताकि यह साफ हो सके कि अमरावती में वे क्षेत्र शामिल हैं जो आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित किए गए हैं। अपने भाषण में सीएम नायडू ने सदन के सभी सदस्यों से प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करने और अपना पूर्ण समर्थन देने का आग्रह किया। वहीं, आंध्र प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री सत्य प्रसाद अनागनी ने एक्स पर लिखा कि सएम चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती को स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने की मांग करते हुए एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र सरकार से अमरावती राजधानी शहर को वैधानिक मान्यता प्रदान करने का आग्रह किया गया।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बड़ा हादसा टला


**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की विशाखापट्टनम से आ रही एक उड़ान को आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। विमान में संभावित इंजन खराबी की आशंका के चलते पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी लैंडिंग का निर्णय लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान ने सुबह विशाखापट्टनम से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान सामान्य रूप से जारी थी, लेकिन दिल्ली पहुंचने से कुछ समय पहले पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी का संकेत मिला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सूचित किया गया और इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। एयरपोर्ट प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए रनवे नंबर-28 को पूरी तरह खाली करा लिया। साथ ही दमकल की



गाड़ियां, एंबुलेंस और मेडिकल टीमों को रनवे के पास तैनात कर दिया गया। इसी के साथ पूरे क्षेत्र में 'फुल इमरजेंसी' घोषित कर दी गई थी, ताकि किसी भी संभावित खतरे से निपटा जा सके। पायलट की कुशलता और ग्राउंड स्टाफ के समन्वय से विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान के सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं। लैंडिंग के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उनकी स्थिति सामान्य पाई गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इंजन में तकनीकी खराबी या संभावित इंजन फेलियर इस इमरजेंसी का कारण हो सकता है।

## केंद्र ने हरित बंदरगाह, समुद्री ढांचे के विकास को दी गति 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 30 फीसदी कमी का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने हरित बंदरगाहों और समुद्री ढांचे के विकास के लिए प्रमुख बंदरगाहों पर ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) लागू किया है। इसके तहत पारंपरिक डीजल चालित टग्स को इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड टग्स में बदला जा रहा है। इसके साथ ही बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, उपकरणों और वाहनों का विद्युतीकरण, शून्य-उत्सर्जन ट्रकों की तैनाती और हरित सागर ग्रीन पोर्ट गाइडलाइंस के तहत ऑनशोर पावर सप्लाई सिस्टम की स्थापना की गई है। इन पहलों से प्रमुख बंदरगाहों पर कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि दीन दयाल उपाध्याय, जवाहरलाल नेहरू, विशाखापत्तनम और वीओ चिदंबरनार बंदरगाहों को इलेक्ट्रिक टग्स के लिए कार्यादेश जारी किए हैं। वहीं, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने दीनदयाल बंदरगाह (गुजरात), पारादीप पोर्ट (ओडिशा) और वीओ चिदंबरनार पोर्ट (तमिलनाडु) को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में मान्यता दी है। इन बंदरगाहों पर ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन, इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित संयंत्रों की स्थापना और ग्रीन मेथनॉल बंकरिंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पारादीप पोर्ट पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत 797.17 करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन या ग्रीन अमोनिया हैंडलिंग जेटी विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों (2023-24 और 2024-25) में प्रमुख बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, तटीय शिपिंग और ग्रीन पोर्ट विकास से जुड़े लगभग 180 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2030 तक बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक हो, उपकरणों का 50 प्रतिशत विद्युतीकरण हो, हरित पट्टी का क्षेत्रफल 20 प्रतिशत तक बढ़े और प्रति टन कार्गो पर कार्बन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत कमी आए।

## असम में चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी: सीएम सरमा

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि करीब 99 फीसदी हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं।



राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी। असम में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में चुनाव हैं। 30 मार्च को पीएम मोदी नमो ऐप के जरिए एक रैली को वर्चुअली संबोधित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्य बीजेपी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से इस अनोखी और इंटरैक्टिव पहल में हिस्सा लेने के लिए ऐप डाउनलोड करके रजिस्टर करने की बात कही है। असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए मौजूदा बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा। सरमा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कांग्रेस का लक्ष्य सत्ता में फिर वापसी का है।

## ईरान ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों पर दागी मिसाइलें, 3 समुद्र में डूबे, 3 में लगी आग

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों को निशाना बनाया है। दावा किया गया है कि इस हमले में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ईरान ने इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय ने शुक्रवार देररात जारी बयान में यह जानकारी दी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से संबद्ध अर्ध सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत ईरानी बलों का 84वां हमला है। आईआरजीसी की नौसेना ने अल-शुवैख बंदरगाह और दुबई के समुद्र तटों और बंदरगाह पर



अमेरिकी-इजराइली सेना के खिलाफ सटीक हमले किए। हमले में अमेरिकी सैनिक मारे गए। उनके सामरिक उपकरण नष्ट हो गए। आईआरजीसी के बयान के अनुसार, इस हमले को बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया गया। इन लड़ाकू जहाजों में से तीन हमले के बाद डूब गए और बाकी जल रहे हैं। इसके साथ ही, समुद्र तट और दुबई के एक होटल में मौजूद अमेरिकी ड्रोन यूनिट के सैनिकों को ड्रोन से निशाना बनाया गया।

## विहिप ने सांसद संपर्क अभियान के तहत 19 दिन में 375 से अधिक सांसदों से की मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने संसद के बजट सत्र के दौरान चलाए गए अपने 19 दिवसीय विशेष सांसद संपर्क अभियान में 375 से अधिक सांसदों से मुलाकात कर तीन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। संगठन ने इस अभियान को देशव्यापी संवाद का महत्वपूर्ण कदम बताया है। विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि इस अभियान में देशभर से विभिन्न प्रांतों, भाषाओं और मत-पंथों से जुड़े करीब 170 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इन कार्यकर्ताओं ने सांसदों से प्रभावी जनसंख्या नीति, तीर्थाटन के विकास और संविधान के अनुच्छेद 29 व 30 के प्रावधानों को लेकर विस्तार से चर्चा की।




इस दौरान विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता अम्बरीष भी मौजूद रहे। केंद्रीय महामंत्री ने बताया कि विहिप ने मांग रखी कि जनसंख्या असंतुलन पर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विचार कर एक प्रभावी नीति बनाई जाए। इसके अलावा हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने, तीर्थाटन के विकास के लिए संस्कृति मंत्रालय में अलग विभाग बनाने और मंदिरों से होने वाली आय को हिंदू समाज के हित में उपयोग करने जैसे मुद्दे भी उठाए गए।अभियान को तीन चरणों में पूरा किया गया। 9 से 13 मार्च के पहले चरण में दक्षिण भारत और महाराष्ट्र के कार्यकर्ताओं ने 139 सांसदों से संपर्क किया। 14 से 19 मार्च के दूसरे चरण में पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों के 103 सांसदों से मुलाकात हुई। वहीं, 20 से 27 मार्च तक चले अंतिम चरण में उत्तर और मध्य भारत के 133 सांसदों से संवाद स्थापित किया गया। विहिप ने संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले विशेष अधिकारों को सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू करने की भी मांग की। साथ ही 'अल्पसंख्यक' शब्द की स्पष्ट परिभाषा तय करने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। संगठन ने दावा किया कि विभिन्न दलों के अधिकांश सांसदों ने इस अभियान में रुचि दिखाते हुए सार्थक चर्चा की।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

# ट्रंप के पागलपन पर भड़के रिपब्लिकन सांसद



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अलग-थलग पडते चले जा रहे हैं। उन्होंने बिना संसद की अनुमति लिए ईरान के ऊपर हमला कर दिया। अभी तक वह इस हमले का कोई कारण अमेरिका की संसद को नहीं बता पा रहे हैं। इस युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध के खर्चे के लिए अतिरिक्त राशि की मांग़ की है। इतनी बड़ी राशि उन्हें क्यों चाहिए है, वह संसद को नहीं बता पा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों को ब्रीफिंग के लिए बुलाया था। उसमें वह अपने ही सांसदों की बातों का जवाब नहीं दे पाए। जिसके कारण सांसदों ने बैठक के दौरान ही अपनी नाराजी जाहिर की। कुछ सांसद गुस्से में बैठक से बाहर निकल आए, उन्होंने ट्रंप के प्रति अपनी नाराजी सार्वजनिक रूप से जिस तरह जाहिर की है, उससे ऐसा लगता है, डोनाल्ड ट्रंप का विरोध रिपब्लिकन पार्टी में भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ता चला जा रहा है।

उन्हीं की पार्टी के सांसदों ने उन्हें पागल बताते हुए उनके बयानों की बड़ी आलोचना की। जिस तरह के मनमाने वह निर्णय ले रहे हैं, उसका अब रिपब्लिकन सांसद भी विरोध कर रहे हैं। सांसदों का कहना था, कि डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध नहीं लड़ने की घोषणा के साथ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था। शांति स्थापित करना चाहते थे। अब खुद ही युद्ध में अमेरिका को झोंक दिया है। अमेरिका में महंगाई बढ़ रही है। निम्न एवं मध्यम वर्ग में ट्रंप को लेकर नाराजी स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। बढ़ते खर्च के कारण अमेरिका की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के ऊपर कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। अमेरिका का राजस्व पूर्व के वर्षों की तुलना में कम हो रहा है। युद्ध में लगातार जिस तरह से खर्च हो रहा है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नई-नई मांग कर रहे हैं। इसको लेकर रिपब्लिकन सांसद भी नाराज हैं। टैरिफ को लेकर भी उन्होंने नाटो और अमेरिका के मित्र देशों के साथ-साथ सारी दुनिया के बड़े-बड़े देशों को नाराज कर अमेरिका के खिलाफ एकजुट कर दिया है।

ईरान से युद्ध लड़ने के लिए उन्होंने नाटो और मित्र देशों को धमकाया है। उसके कारण अमेरिका बिल्कुल अलग-थलग पड गया है। इजराइल के साथ मिलकर ईरान से जो युद्ध शुरू किया है वह अमेरिका के लिए भारी साबित हो रहा है। खाड़ी के जिन देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे थे, ईरान ने ड्रोन और मिसाइल के जरिए उन अड्डों और वहां के सैन्य संसाधनों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। अमेरिका के जंगी जहाज और सबसे ताकतवर विमानो को ईरान ने भारी नुकसान पहुंचाया है। अमेरिका के सैन्य हथियारों को इसके पहले कभी इस तरह की चुनौती नहीं मिली थी, जो अब मिल रही है। ऐसी तबाही इसके पहले अमेरिका की कभी नहीं हुई ,जो पिछले एक माह में देखने को मिली है। इसके कारण अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नाराजी बढ़ती चली जा रही है।

आम जनता और डेमोक्रेटिक पहले से ही ट्रंप से नाराज हैं। अब रिपब्लिकन पार्टी के सांसद भी ट्रंप से नाराज हो गए हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता मात्र 36 फीसदी रह गई है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए लग रहा है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान से लड़ते-लड़ते अन्य कई देशों के निशाने पर भी आ गए हैं। उन्हें अपनी कुर्सी बचाने के लिए अमेरिका में अपनों के साथ संघर्ष करना पड़ रहा है। ट्रंप जिस तरह से बयान दे रहे हैं, उन बयानों को देखते हुए अब सारी दुनिया उन्हें साइको अथवा पागल की तरह देख रही है। अमेरिका का सर्वोच्च कमांडर युद्ध के दौरान इस तरह की हरकत करेगा, यह किसी ने सोचा नहीं था। ट्रंप के पागलपन और अहंकार का खामियाजा पूरे अमेरिका को भुगतना पड़ रहा है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### डीजे को लेकर हुई चाकूबाजी में नाबालिग की मौत, सात गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** बाहरी जिले के रानी बाग इलाके में एक शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद खूनी झड़प में तब्दील हो गई। डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए झगड़े में चाकूबाजी हुई, जिसमें 17 वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई। जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान निखिल यादव (17) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक सनी बताया जा रहा है। दोनों रोहिणी के नाहरपुर इलाके के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि निखिल अपने दोस्तों के साथ रानी बाग इलाके स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां डीजे पर गाना चलाने को लेकर दूसरे पक्ष के युवकों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने निखिल व सनी पर चाकू से हमला कर दिया। निखिल को सीने में और सनी को कमर के नीचे चाकू लगा। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान निखिल ने दम तोड़ दिया, जबकि सनी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्राइम टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ नाबालिगों सहित करीब सात संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं परिजनों के अनुसार, निखिल मोटर मैकेनिक का काम करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### तीन दर्जन से ज्यादा मामलों में शामिल चोर सामान के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** पूर्वी जिले के प्रीत विहार थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी के सामान के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोहन कालिया (30) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले भी 35 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि 25 मार्च, 2026 को अब्दुल अपने घर पार्क एंड कॉलोनी, विकास मार्ग पहुंचे तो देखा कि मुख्य गेट खोलने के बाद अंदर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और घर से सामान गायब था। इसी दौरान उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को हरे रंग का बैग लेकर बालकनी के पास देखा। शक होने पर जब उन्होंने आवाज लगाई तो आरोपित भागने लगा। तुरंत स्थानीय लोगों और बीट स्टाफ की मदद से आरोपित का पीछा किया गया और विकास मार्ग स्थित कर्करी मोड़ के पास उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी किया गया घरेलू सामान बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इस संबंध में प्रीत विहार थाने में एफआईआर संख्या 67/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके घर से ज्वेलरी सेट, कैमरा डीवीआर, इनवर्टर-बैटरी, बाथरूम फिटिंग्स और तांबे-पीतल के बर्तन भी चोरी हुए हैं। पुलिस अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह आर्म्स एक्ट, लूट, झपटमारी, वाहन चोरी और अन्य चोरी के 35 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है।

### जेसीबी ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शकूरपुर इलाके में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा कब्रिस्तान के पास हुआ, जहां एक जेसीबी मशीन ने युवक को कुचल दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना सुबह करीब 10 बजे मिली। सूचना मिलते ही सुभाष प्लेस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान मृतक की पहचान मोहम्मद हुसैन (27) के रूप में हुई है, वह शकूरपुर का रहने वाला था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने जेसीबी चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपित की पहचान आशीष (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जेसीबी चालक शकूरपुर के बेरीवाला बाग की ओर पार्क समतलीकरण कार्य के लिए जा रहा था। इसी दौरान कब्रिस्तान के पास यह हादसा हो गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### आईसीएआर-आईएआरआई ने ऑफलाइन कक्षाएं चलाने का लिया निर्णय

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) ने शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की सभी कक्षाएं अब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑफलाइन मोड में ही संचालित की जाएंगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार आईसीएआर-आईएआरआई ने ऑनलाइन कक्षाओं से संबंधित 25 मार्च 2026 की अपनी पिछली अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। समीक्षा बैठक के बाद संस्थान ने अगले ही दिन (26 मार्च) संशोधित आदेश जारी कर सभी शैक्षणिक कार्यों को सुचारू रूप से बहाल करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन मोड को ही जारी रखने, छात्रावास तथा भोजन सहित सभी सुविधाएं पूरी तरह से चालू रहने और सभी छात्रों को सेवाएं प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया है।

### मनी लॉड्रिंग मामले में आरकॉम के पूर्व निदेशक के खिलाफ सुनवाई टली

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 40 हजार करोड़ रुपये के कथित मनी लॉड्रिंग के मामले में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व डायरेक्टर पुनीत गर्ग के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज अजय गुप्ता ने मामले की अगली सुनवाई 08 अप्रैल को करने का आदेश दिया। आज कोर्ट ने अजय गुप्ता की अंतरिम जमानत याचिका पर भी सुनवाई की। कोर्ट ने अजय गुप्ता की मेडिकल रिपोर्ट तलब किया है। अंतरिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 4 अप्रैल को होगी। इस मामले में ईडी ने 27 मार्च को पुनीत गर्ग के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने सीबीआई के एफआईआर के आधार पर पुनीत गर्ग के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। सीबीआई ने इस मामले में 21 अगस्त 2025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 420 और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की दारा 13(2) और 13(1)(डी) के तहत एफआईआर दर्ज किया था। ईडी ने इस मामले में पुनीत गर्ग को 29 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए पुनीत गर्ग से नौ दिन पूछताछ की थी। फिलहाल पुनीत गर्ग न्यायिक हिरासत में है। पुनीत गर्ग ने आरकॉम के प्रेसिडेंट के रूप में 2006 से लेकर 2013 तक ग्लोबल इंटरप्राइज बिजनेस का काम संभाला था। उसके बाद 2014 से लेकर 2017 तक उसने रेगुलेटरी अफेयर्स के प्रेसिडेंट के रूप में काम किया। 2017 में पुनीत गर्ग को आरकॉम का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया। अप्रैल 2019 से लेकर अप्रैल 2025 तक पुनीत गर्ग ने गैर कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया। पुनीत गर्ग पर आरोप है कि वो आरकॉम के वरिष्ठ पदों पर रहते हुए कई सारे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर रहा और इसी दौरान उसने बैंक के साथ धोखाधड़ी और दूसरे वित्तीय अपराधों को अंजाम दिया।ईडी के मुताबिक अपराध के जरिये हुए आय से आरकॉम की विदेश में स्थित कंपनियों के जरिये न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा गया। इसी दौरान पुनीत गर्ग ने आरकॉम की नीलामी प्रक्रिया के दौरान उसकी संपत्तियों को धोखाधड़ी कर बेच डाला।

# आवासन मण्डल की समृद्धि योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड

» किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने के लिए मण्डल निरंतर प्रयासरत- आवासन आयुक्त, राजस्थान

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को SKOCH गोल्ड अवार्ड मिला है ।मण्डल की ओर से आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की मण्डल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होने से आमजन में मण्डल की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होनें बताया कि समृद्धि आवासीय योजना में दो प्रकार के फ्लैट बनाये गए थे जिसमें 960 वर्ग फ़ीट वाले फ्लैट की कीमत 33 लाख अनुमानित थी वहीं 1100 वर्गफीट की कीमत 36 लाख अनुमानित थी , लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 960 वर्ग फ़ीट वाला 31 लाख में एवं 1100 वर्गफीट वाला 35 लाख में दिया है। उन्होंने बताया की हाल ही में राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने समृद्धि अपार्टमेंट के 159 आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपे थे । डॉ शर्मा ने कहा की राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि "समृद्धि अपार्टमेंट" परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड अब पारंपरिक निर्माण से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है की इससे पूर्व विगत दो वर्षों में मण्डल को फाउन्टेन स्क्वायर पार्क एवं एक्सपॉजिशन ग्राउन्ड के लिए आईबीसी अवार्ड , मण्डल मुख्यालय को ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बीईई की 5 स्टार रेटिंग का अवार्ड, मण्डल की माही योजना को नारोडको द्वारा अवार्ड तथा एसएस रेजीडेंसी को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यू द्वारा अवार्ड मिल चुका है।

## एआई समिट में प्रदर्शन के मामले में राजीव कुमार को अग्रिम जमानत

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारत मंडपम में एआई शिखर सम्मेलन के दौरान 20 फरवरी को शर्टलेस प्रदर्शन मामले में आरोपी राजीव कुमार को अग्रिम जमानत दे दी है। एडिशनल सेशंस जज अमित बंसल ने यह आदेश दिया। कोर्ट ने राजीव कुमार को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि अगर राजीव कुमार को गिरफ्तार करने की जरुरत पड़े तो एक सप्ताह पहले नोटिस देना होगा। सुनवाई के दौरान राजीव कुमार के वकील अमरीश रंजन पांडेय ने कहा कि किसी पार्टी से जुड़ा होना किसी को दोषी करार नहीं देता है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन का वीडियो बनाना किसी भी रुप में अपराध नहीं है। इसके पहले कोर्ट ने 14 मार्च को राजीव कुमार को आज तक की अंतरिम जमानत दी थी। दिल्ली पुलिस ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि राजीव कुमार इस साजिश का हिस्सा थे और उसने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया था। इस मामले में युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत मिल चुकी है। इसके अलावा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को भी जमानत मिल चुकी है। इस मामले में उदय भानु चिब को 28 फरवरी को मजिस्ट्रेट कोर्ट से जमानत मिली थी। 28 फरवरी को ही सेशंस कोर्ट ने जमानत पर रोक लगा दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दो मार्च को चिब को जमानत पर लगी रोक को हटा दिया था। इस मामले में युवा कांग्रेस के महासचिव निगम भंडारी को 24 मार्च तक की अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

## "नए स्टार्स डिप्रेशन में हैं"- Ekta Kapoor का बड़ा दावा, बदली लाइफस्टाइल पर उठे सवाल

» पार्टी कल्चर खत्म, फिटनेस और डिसिप्लिन के दबाव में जी रही नई पीढ़ी – Mohsin Khan के 'MK Talks' में खुलासा

लोकतंत्र की शान



मनोरंजन जगत की चर्चित प्रोड्यूसर Ekta Kapoor ने नए कलाकारों को लेकर एक चौंकाने वाला बयान दिया है। Mohsin Khan के पॉडकास्ट MK Talks में बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि "आज के नए स्टार्स डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं।" एकता कपूर के अनुसार, फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में बीते कुछ वर्षों में कलाकारों की जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पहले जहां सफलता के साथ जश्न, पार्टियां और सामाजिक मेलजोल होता था, वहीं अब नई पीढ़ी के कलाकारों का जीवन अधिक अनुशासित और सीमित हो गया है। उन्होंने बताया कि आज के कलाकार फिटनेस, योग और सख्त रूटीन पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, जबकि सामाजिक गतिविधियां और खुलकर जश्न मनाने की परंपरा लगभग खत्म होती जा रही है। एकता का मानना है कि यह बदलाव कलाकारों को मानसिक रूप से प्रभावित कर रहा है और उनमें अकेलापन तथा भावनात्मक दबाव बढ़ा रहा है। बातचीत के दौरान Mohsin Khan ने एकता कपूर के लोकप्रिय धारावाहिक Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi का भी जिक्र किया। इस पर एकता ने पुराने समय को याद करते हुए कहा कि उस दौर में सफलता को सामूहिक रूप से मनाया जाता था, जिससे कलाकारों के बीच आपसी जुड़ाव बना रहता था। पॉडकास्ट में एकता कपूर ने अपने फिल्मी अनुभवों और The Dirty Picture जैसे प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा की, लेकिन उनका यह बयान सबसे अधिक चर्चा का विषय बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि मनोरंजन उद्योग में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सोशल मीडिया का दबाव और परफॉर्मेंस की लगातार अपेक्षाएं भी कलाकारों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रही हैं। एकता कपूर का यह बयान न केवल इंडस्ट्री की बदलती संस्कृति को उजागर करता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि ग्लैमर के पीछे छिपे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

## उत्तराखंड में भाजपा के पूर्व विधायकों समेत आधा दर्जन कद्दावर नेता कांग्रेस में शामिल

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्ली:** उत्तराखंड में कांग्रेस को बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली है। प्रदेश में भाजपा और अन्य दलों के पूर्व विधायकों समेत आधा दर्जन कद्दावर नेताओं ने शनिवार को हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। नई दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यालय में रुद्रपुर से दो बार के भाजपा विधायक रहे एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार ठुकराल, सितारगंज से दो बार बसपा विधायक रहे नारायण पाल, घनसाली से पूर्व भाजपा विधायक भीमलाल आर्य, रुड़की के पूर्व मेयर गौरव गोयल, भीमताल के वरिष्ठ नेता लाखन सिंह और मसूरी नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता कांग्रेस में शामिल हुए। उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा, उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा, दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी काजी निजामुद्दीन, कांग्रेस कार्यसमिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य गुरदीप सप्पल, उत्तराखंड कांग्रेस के सह-प्रभारी सुरेंद्र शर्मा व मनोज यादव की मौजूदगी में सभी नेताओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया गया। इस दौरान पत्रकार वार्ता में कुमारी सैलजा ने सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता का भाजपा सरकार से विश्वास उठ चुका है। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार की छवि को सुधारने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन जनता के बीच उसकी असलियत सामने आ चुकी है। उत्तराखंड में भाजपा सरकार को लेकर जनता में काफी गुस्सा है। लोगों के मन में कांग्रेस पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और आने वाले समय में इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

## पीएनजी (PNG)सेवाओं के विस्तार एवं शहरी आवश्यक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर केंद्र राज्य समन्वय बैठक आयोजित

» PNG सेवाओं के विस्तार में उत्तर प्रदेश की सक्रिय भागीदारी, नगर विकास ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा स्वयं करेंगे मॉनिटरिंग

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली:** भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित "PNG सेवाओं के विस्तार एवं आवश्यक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण" विषयक उच्च स्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सहभागिता की। यह महत्वपूर्ण बैठक समूह मंत्रियों (GoM) के 25 मार्च 2026 के निर्णय के क्रम में आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी (आवास एवं शहरी कार्य एवं पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस), मनोहर लाल खट्टर (आवास एवं शहरी विकास) तथा प्रह्लाद जोशी (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी एवं नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नेटवर्क के विस्तार, PNG कनेक्शन वितरण में तेजी तथा शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित ऊर्जा उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश में चल रही प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में NOC (अनापत्ति प्रमाण पत्र) से संबंधित कुछ प्रकरण लंबित हैं, जिनमें बहराइच, वाराणसी, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज प्रमुख हैं।श्री शर्मा ने कहा कि इन लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु वे स्वयं विशेष ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकायों के निदेशक को निर्देशित किया जाएगा कि NOC जारी करने की प्रक्रिया को सरल एवं तेज बनाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा CGD परियोजनाओं को गति देने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।मंत्री ए.के. शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि इस पूरे विषय पर वे व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखेंगे और शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेंगे, जिससे आमजन को सुलभ, सुरक्षित एवं स्वच्छ ऊर्जा सेवाएं उपलब्ध हो सके।बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और मजबूत करते हुए शहरी विकास को नई गति देने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश सहित हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगाना एवं दिल्ली की सक्रिय भागीदारी रही जबकि अन्य राज्यों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की।

## एनएचएआई ने जयपुर बाईपास पर पुल और अंडरपास निर्माण का दिया ठेका, 130.65 करोड़ की परियोजना

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 स्थित जयपुर बाईपास पर यातायात सुधार के लिए 130.65 करोड़ रुपये की लागत से पुल और अंडरपास निर्माण का कार्य मारुति इन्फ्राक्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा है। एनएचएआई ने बताया कि इस परियोजना के तहत दो अंडरपास बनाए जाएंगे। एक दिल्ली से मानसरोवर जाने वाले यातायात के लिए और दूसरा मानसरोवर से दिल्ली आने वाले वाहनों के लिए होगा। इसके अलावा दो ऊपरी पुल भी बनाए जाएंगे, जिससे जयपुर-अजमेर और अजमेर-दिल्ली दिशा का यातायात बिना रुके गुजर सकेगा। यह जंक्शन जयपुर का अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहां दिल्ली, अजमेर और शहर के प्रमुख क्षेत्रों के बीच भारी यातायात चलता है। मौजूदा व्यवस्था में सिग्नल पर रुकना पड़ता है, जिससे जाम, समय की बर्बादी और ईंधन की खपत बढ़ती है। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद जंक्शन पर यातायात सुगम होगा। सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। यात्रियों का समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। यह परियोजना क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद करेगी।

## इंडिया गेट पर सख्ती: अवैध पार्किंग पर शिकंजा, रेड लाइट जंपिंग पर कैमरों से नजर

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** गर्मियों के मौसम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इंडिया गेट और कर्तव्य पथ इलाके में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। अवैध पार्किंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शनिवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में इंडिया गेट के आसपास कुल 2253 चालान किए गए। इनमें सबसे ज्यादा 1720 चालान अवैध पार्किंग के हैं। इसके अलावा 293 मामलों में कैमरे के जरिए चालान जारी किए गए, जबकि 60 चालान बिना हेलमेट के काटे गए। वहीं 180 वाहनों को मौके से टो कर हटाया गया।

**अब रेड लाइट जंपिंग पर भी सख्त निगरानी:** पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख चौराहों पर लाल बत्ती वायलेशन डिटेक्शन कैमरे लगाए जा रहे हैं। मथुरा रोड-भैरों मार्ग, रिंग रोड-भैरों रोड और जनपथ-टॉलस्टॉय मार्ग जैसे व्यस्त स्थानों पर 10 कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। ये कैमरे रेड लाइट जंप करने वालों का स्वतः चालान करेंगे।

**मोबाइल से जारी हो रहा चालान:** कैमरे पर यातायात उल्लंघन की रिकॉर्डिंग प्रणाली के तहत ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर ही मोबाइल फोन के जरिए चालान नोटिस भेज रहे हैं। मार्च महीने में ही 293 ऐसे चालान जारी किए गए हैं। नियम तोड़ने वालों को कोर्ट के जरिए जुर्माना भरना होगा। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। इंडिया गेट के पास पी1 और पी2 पार्किंग (मान सिंह रोड) के अलावा जनपथ पर पी5 और रफी मार्ग पर पी6 पार्किंग उपलब्ध हैं। बसों के लिए पी1 पार्किंग तय की गई है।

**सड़क किनारे पार्किंग पर कार्रवाई तय:**

पुलिस ने साफ किया है कि सड़क किनारे या फुटपाथ पर वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि नियमों का पालन करें, ताकि सभी के लिए यातायात सुगम बना रहे। वहीं किसी भी तरह की सहायता के लिए लोग 112 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## राजनाथ सिंह की अगुवाई में आईजीओएम की बैठक, पश्चिम एशिया संकट के असर की समीक्षा

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की बैठक शनिवार को हुई, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संकट से उत्पन्न स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैठक की तस्वीर साझा कर बताया कि बैठक में ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित जोखिम, आवश्यक वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता, महत्वपूर्ण अवसंरचना की मजबूती तथा भारत की आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का आकलन किया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि मोदी सरकार स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है और देशवासियों को किसी भी संभावित प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

## हसनपुर नगर पालिका का 22 लाख का लाभकारी बजट ध्वनि मत से पारित




**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः** **हसनपुरः** शनिवार को हसनपुर नगरपालिका परिषद के सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026/27 के लिए 22.47 लाख रुपये का लाभकारी बजट सर्वसम्मति से ध्वनि मत से पारित हो गया, पालीका बोर्ड की बैठक बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने की तथा संचालन अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने किया, बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025/26 में हुई आय व्य का व्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसमें इस वर्ष गृह कर से 90 लाख रुपये और जल मूल्य से 30 लाख रुपये की आय हुई। राज्य वित्त आयोग से 18.50 करोड़ रुपये और 15वें वित्त आयोग से 7 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। जबकी आश्रय स्थल के संचालन पर 55 लाख रुपये और जल निकासी योजनाओं पर 1 करोड़ रुपये खर्च किए गए।बजट पारित होने के बावजूद, बैठक में जनसमस्याओं को लेकर तीखी बहस भी देखने को मिली। जिसमें सभासद शाहनवाज अंसारी ने आरोप लगाया कि पालिका ने टैक्स में 10 गुना वृद्धि कर दी है, जिससे जनता परेशान है।सभासद इरम खान ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। इसके अलावा, सड़कों पर बहते नालों के गंदे पानी और प्रकाश व्यवस्था की कमी पर भी चर्चा हुई। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बोर्ड का आभार जताते हुए कहा कि नगर की सभी समस्याओं का समाधान बोर्ड के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में व्यापक स्तर पर लाइटें लगाई जा रही हैं और शेष क्षेत्रों के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। इस अवसर पर शाहनवाज अंसारी, मोनिश अंसारी, शाहीन बदर, चमन देवी, हमज़ा अली, मोहसिन खान, सायमा परवीन, नाजिम अंसारी, शाजिया खानम, इरम खानम, नितिन सैनी, दीपक कुमार, राहुल सैनी, राजपाल सैनी, आसमा परवीन, आमिर जहां, मोहम्मद नाजिम, श्याम आर्य नाजिया मोहम्मद, निजाम आदि मौजूद थे।

## सिरसी से स्पेस सेंटर तक,अब्बास सय्यदा की मेहनत बनी मिसाल



**सैय्यद कुमैल ज़ैदी , संभल/सिरसीउच्च** प्राथमिक विद्यालय-2 सिरसी संभल की होनहार छात्रा अब्बास सय्यदा ने विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के पुरस्कार स्वरूप उन्हें देश के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष केंद्र सतीश धवन स्पेस सेंटर (श्रीहरिकोटा) का 23 मार्च 2026 को शैक्षिक भ्रमण हवाई जहाज से कराया गया। वह स्थान जहां से चंद्रयान मिशन और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशनों ने उड़ान भरी। विशेष बात यह रही कि जहां आमतौर पर इस तरह के उच्च सुरक्षा वाले अंतरिक्ष केंद्र में प्रवेश पाना अत्यंत कठिन होता है, वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा के प्रयासों से सरकारी स्कूल के बच्चों को यह अनोखा अवसर मिला। यह अनुभव छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि प्रेरणादायक भी रहा एक ऐसा अवसर जिसकी कल्पना कई निजी विद्यालय भी नहीं कर पाते। यह भ्रमण के उपरांत दिनांक 27 मार्च 2026 को सकुशल घर वापिस आ गई । इसी क्रम में 'मीना मंच' कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसी 2 सम्भल से चयनित विद्यार्थी मरयम ज़हरा को राज्य स्तर पर लखनऊ जाने का अवसर मिला था जहां उन्हें सम्मानित किया गया था। आज विद्यालय में एक सादे किन्तु गरिमामय समारोह में अब्बास सय्यदा एवं मरियम ज़हरा को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में प्रधानाध्यापिका श्रीमती निगहत जैदी, विज्ञान शिक्षिका श्रीमती मधुलिका सिंह व ऊषा देवी द्वारा सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और सरकारी विद्यालयों के बढ़ते स्तर का भी प्रमाण है—जहां अब सपनों को सच करने के लिए संसाधनों की कमी बाधा नहीं बन रही। आज ये बेटियाँ पूरे समाज को यह संदेश दे रही हैं कि सपनों को सच करने के लिए बस मेहनत, लगन और सही दिशा की जरूरत होती है—और फिर संभल से लेकर अंतरिक्ष तक की दूरी भी छोटी पड़ जाती है।

# भाकियू भारत भूमि के जिला अध्यक्ष को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा




**हसनपुरः** भारतीय किसान यूनियन भारत भूमि के जिला अध्यक्ष शमशेर सैफी के जेवर एयरपोर्ट नोएडा में जाने के कार्यक्रम की भनक लगते ही कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार देर रात शमशेर सैफी को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया, बता ते चले कि शनिवार को नोएडा के जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतीय किसान यूनियन भारत भूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड्डू गुर्जर के आह्वान पर अमरोहा जिला अध्यक्ष शमशेर सैफी ने अपने काला खेड़ा स्थित आवास से शनिवार सुबह 9 बजे नोएडा जेवर एयरपोर्ट जाने का आवाहन करते हुए एक मैसेज व्हाट्सएप ग्रुपों पर डाला था जिसकी भनक लगते ही हसनपुर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार देर रात ग्राम काला खेड़ा स्थित जिला अध्यक्ष शमशेर सैफी को उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया और पुलिस का पहरा बैठा दिया, तथा शनिवार सुबह 11 बजे के बाद पुलिस का पहरा हटाया गया, इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन भारत भूमि के जिला अध्यक्ष शमशेर सैफी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड्डु गुर्जर के आहवन पर किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को एक ज्ञापन दिया जाना था लेकिन उत्तर प्रदेश पुलिस सत्ताधारी नेताओं के जवाब में कार्य कर रही है और हमें जाने से रोका जा रहा है उन्होंने बताया कि योगी सरकार का तानाशाह रवैया किसानो की आवाज को दबा नहीं सकता और जल्द ही राष्ट्रीय आवाहन पर एक ज्ञापन लखनऊ मुख्यमंत्री आवास पर पहुंच कर सोपा जाएगा, वहीं उन्होंने बताया कि रात 1 बजे हाउस अरेस्ट होने के बाद सभी कार्यकर्ताओं को व्हाट्सएप मैसेज एवं फोन के जरिए कार्यक्रम में पुलिस द्वारा रोके जाने की सूचना प्रसारित की और कार्यक्रम स्थतगीत कर दिया गया, वहीं उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आवाज दबाना चाहती है तथा उन्होंने मीडिया के माध्यम से किसानो की ओलावृष्टि से नष्ट हो रही फसलों का अधिक से अधिक मुआवजा दिए जाने की मांग की है साथ ही किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किए जाने की मांग की।

## राम नाम की गूंज से जगमगाया खैराबाद का बड़ा बिहारी जी मंदिर

**खैराबाद एक एतिहासिक नगर रहा है - अभिषेक गुप्ता बबलू भैय्या**

लोक तंत्र की शान, देवेंद्र सिंह

**सीतापुर/खैराबाद।** चैत्र मास की पावन राम नवमी पर खैराबाद स्थित प्राचीन बड़ा बिहारी जी मंदिर राममय हो उठा। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और "जय श्रीराम" के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान राम के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। देर रात तक भंडारे का आयोजन चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी भक्तों का मन मोह लिया। खैराबाद, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है, आज भी कई अनकहे रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए है। लखनऊ से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित यह कस्बा अनेक प्राचीन धरोहरों का साक्षी है। इन्हीं में से एक है माखूपुर स्थित बड़ा बिहारी जी मंदिर, जिसकी भव्यता और दिव्यता आज भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है।



## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यूपी में निवेश को मिलेगा बड़ा बूस्ट

लोक तंत्र की शान




**जेवर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में निवेश, उद्योग और व्यापार के नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है। यह एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए "गेमचेंजर" बताते हुए कहा कि यह परियोजना निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

**यमुना एक्सप्रेसवे बना निवेश का नया इंजन**–यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों में पहले से ही बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव आने शुरू हो चुके हैं। एयरपोर्ट के कारण यह क्षेत्र तेजी से एक औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित हो रहा है, जहां देश-विदेश की कंपनियां अपनी इकाइयां स्थापित करने में रुचि दिखा रहीं हैं। एयरपोर्ट के आसपास मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, डेटा सेंटर, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल और टॉय पार्क जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में क्षेत्र में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखे जाने से हाईटेक इंडस्ट्री को बढ़ावा मिला है। भविष्य में यहां फिनटेक सिटी जैसे अत्याधुनिक प्रोजेक्ट भी विकसित किए जाएंगे, जिससे यह क्षेत्र टेक्नोलॉजी और उद्योग का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## बेलहरा फतेहपुर बाराबंकी : प्रेम प्रसंग के चलते बड़ी बहन ने प्रेमी के साथ मिलकर की मासूम छोटी बहन की हत्या

लोक तंत्र की शान, अब्दुल्लाह खान

**बाराबंकी।** जनपद के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहाँ एक बड़ी बहन ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी ही 11 वर्षीय छोटी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**घटना का विवरण**–गुरुवार दोपहर को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गाँव में 11 वर्षीय बालिका का शव गेहूँ के खेत में मिला था। बालिका के गले पर खरोंच के निशान पाए गए थे। इस घटना के बाद पूरे गाँव में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को गाँव में भारी पुलिस बल और पीएसी (PAC) तैनात की गई।

**हत्या का कारणः 'राज' खुलने का डर**–अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चंद्र त्रिपाठी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया किः मृतक बालिका ने अपनी बड़ी बहन और उसके प्रेमी शुभम उर्फ शोभाराम चौहान को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। बालिका ने इस बात की जानकारी अपने पिता को देने की बात कही थी। भेद खुलने के डर से बड़ी बहन और उसके प्रेमी ने मिलकर बालिका का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**पुलिस की कार्रवाई**– पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी बहन और उसके प्रेमी (निवासी ग्राम लोदियनपुरवा) को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म




कबूल कर लिया है। अंतिम संस्कारः शुक्रवार शाम चार बजे पोस्टमार्टम के बाद जब बालिका का शव गाँव पहुँचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस की मौजूदगी में शाम पाँच बजे कड़ी सुरक्षा के बीच बालिका का अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया सी ओ जगतराम कनौजिया, थानाध्यक्ष मोहम्मदपुर खाला, चौकी इंचार्ज बेलहरा, चौकी छेदा समेत तमाम पुलिस अहलकार मौजूद रहे

## रेलवे क्रॉसिंग खुलते ही काल बनकर आया ट्रक, नई नवेली दुल्हन और उसकी जेठानी की दर्दनाक मौत

लोक तंत्र की शान, अब्दुल्ला खान

**महमूदाबादः फतेहपुर :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद में शनिवार की शाम एक रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा हुआ। फतेहपुर क्षेत्र के ईसेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक तीन वर्षीय बच्ची और बाइक चालक घायल हो गए। सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र स्थित रामद्वारी गांव के निवासी इंद्रजीत अपनी नवविवाहित पत्नी खुशी (18 वर्ष) और अपनी जेठानी पिंकी देवी (28 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से जहांगीराबाद जा रहे थे। पिंकी की तीन वर्षीय पुत्री बिट्टू भी उनके साथ थी। वे अपनी बीमार मौसी का हाल-चाल लेने जा रहे थे। जब वे ईसेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे, तो फाटक बंद





होने के कारण वहां वाहनों की लंबी कतार थी। जैसे ही फाटक खुला और इंद्रजीत ने अपनी बाइक आगे बढ़ाई, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

**हादसे की भयावहता**–टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। खुशी और पिंकी सड़क के दाहिनी ओर गिरीं, जहां पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इंद्रजीत और मासूम बिट्टू दूसरी दिशा में गिरे, जिससे उनकी जान तो बच गई लेकिन बिट्टू के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**दुखों का पहाड़ः एक महीने पहले ही हुई थी शादी**–इस हादसे की सबसे हृदयविदारक बात यह है कि मृतक खुशी की शादी बीते 26 फरवरी को ही इंद्रजीत से हुई थी। अभी उसके हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी कि एक लापरवाह ट्रक चालक ने उसकी दुनिया उजाड़ दी। वहीं, दूसरी मृतका पिंकी देवी के परिवार पर भी दुखों का दोहरा पहाड़ टूटा है। पिंकी के पति सत्यनारायण करीब दो महीने पहले एक अन्य सड़क हादसे में घायल होने के बाद से कोमा में हैं। अब पिंकी की मौत के बाद उनके दो मासूम बच्चों (4 वर्षीय बेटा प्रिंस और 3 वर्षीय बिट्टू) के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है।

**पुलिस की कार्रवाई**– हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सीओ जगतराम कनौजिया ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल लिया। कोतवाल अमित प्रताप सिंह के अनुसार, पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक की पहचान कर ली गई है और पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है लोगो की काफी भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई जिसको पुलिस सी ओ जगतराम कनौजिया ने समझा बुझाकर हटाया

## ऐतिहासिक क्षणः जेवर से पहली उड़ान, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी ने किया लखनऊ का सफर



लोक तंत्र की शान

» नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन पर राजकीय वायुयान ने भरी पहली उड़ान
» यूपी के उड्डयन इतिहास में जुड़ा नया अध्याय, ऐतिहासिक पल का साक्षी बना जेवर एयरपोर्ट

**नोएडा/लखनऊ।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय वायुयान ने जेवर रनवे से अपनी पहली उड़ान भरते हुए विकास की नई कहानी लिख दी। इस विशेष उड़ान में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा से लखनऊ तक का सफर तय किया। राजकीय वायुयान की इस पहली उड़ान ने न केवल एयरपोर्ट के संचालन की औपचारिक शुरुआत को चिह्नित किया, बल्कि प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी और तेज विकास के नए द्वार भी खोल दिए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राजधानी तक की दूरी अब और अधिक सहज और तेज हो जाएगी, जिससे व्यापार, निवेश और आवागमन को सीधा लाभ मिलेगा।

## गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

» मेधावियों का हुआ सम्मान। देश की सेवा इससे अच्छी नहीं हो सकती कि देश के भविष्य को सँवारा और सजाया जाये
» साकेत मिश्रा, पीठाधीश्वर नैमिषारण्य तुलसी पीठ, सीतापुर

लोक तंत्र की शान, देवेंद्र सिंह




**सीतापुर / गुरुकुल** विद्या पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा PG में वरुण ने प्रथम, अविका शुक्ला द्वितीय एवं अंशवेश पटेल तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी में अर्जुन मिश्रा, अव्युक्त सिंह व रितिक गुप्ता संयुक्त रूप से प्रथम, श्रेयांश सिंह द्वितीय तथा शनविका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा LKG में ओमांश प्रथम, रियांश राठौर द्वितीय व काव्या रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहीं। UKG में अदिति अवस्थी व राघव मिश्रा प्रथम, श्री मिश्रा द्वितीय तथा आश्मन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 1 में आद्विका पटेल प्रथम, अद्वैत तिवारी द्वितीय तथा अन्वी शुक्ला व रुही गुप्ता तृतीय रहीं। कक्षा 2 में सात्विक प्रथम, अंबिशा द्विवेदी द्वितीय और यश अवस्थी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 में कार्तिक शुक्ला प्रथम, हर्षिता सिंह द्वितीय व मानिता प्रकाश तृतीय रहीं। कक्षा 4 में लविश गुप्ता प्रथम, यशस्व तिवारी द्वितीय और अक्षत मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 में पलाशिनी प्रथम, दिव्यांश द्वितीय व पलक तृतीय रहीं। कक्षा 6 में शिवराज चौहान प्रथम, आभाष द्वितीय व अंश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में अक्षय कनोजिया प्रथम व कार्तिक शुक्ला द्वितीय रहे। कक्षा 8 में पंखुड़ी प्रथम, प्रणाली कनोजिया द्वितीय और रुद्र प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

## वन्य जीव संरक्षण व गोवध निवारण अधिनियम में वांछित 05 अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध शस्त्र बरामद

लोक तंत्र की शान



**जनपद सीतापुरः** पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने एवम् वांछित अपराधियों की नियमानुसार गिरफ्तारी एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्री विशाल गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना मिश्रिख पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 64/26 धारा 09/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम (1972)/धारा 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट/ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट/धारा 5/27 आर्म्स एक्ट/ धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम व धारा 3/25 बीएनएस गोवध निवारण अधिनियम थाना मिश्रिख सीतापुर में प्रकाश में आये वांछित 05 अभियुक्तों- 1.साहिल पुत्र निहाल निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर 2.इरफान पुत्र लोटन निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर 3.फैज पुत्र बबलू निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर 4.शाबान पुत्र उस्मान निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर 5.सलीम पुत्र शमीम निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर को ग्राम सेमरा कसहार के पास से 01 अदद वाहन सोनालिका ट्रैक्टर(हाईड्रा) सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के पास से अभियोग उपरोक्त से संबंधित मल- एक अदद अवैध 01 नाल बन्दूक 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस, एक अदद चाकू (छुरा) 12 बोर,तीन प्लास्टिक की डिब्बी खूना लूदा मिट्टी व सादी मिट्टी व खूना लूद बाल बरामद किया गया है। बरामद वाहन सोनालिका ट्रैक्टर(हाईड्रा) उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 207 M.V. ACT के तहत सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा पूछताछ में वन्य जीवों के शिकार एवं उनके अवैध व्यापार में संलिप्ता होने की बात स्वीकार की गयी है। अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध सूचना/साक्ष्य संकलित कर नियामानुसार निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अवैध/आपरिधाकि कृत्यो से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

**अभियुक्तों का नाम व पता:-**

1. साहिल पुत्र निहाल निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर
2. इरफान पुत्र लोटन निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर
3. फैज पुत्र बबलू निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर
4. शाबान पुत्र उस्मान निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर
5. सलीम पुत्र शमीम निवासी ग्राम सेमरा थाना मिश्रित सीतापुर

**पंजीकृत अभियोग:-** मु0अ0सं0 64/26 धारा 09/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम (1972)/धारा 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट/ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट/धारा 5/27 आर्म्स एक्ट/ धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम व धारा 3/25 बीएनएस गोवध निवारण अधिनियम थाना मिश्रिख सीतापुर।

**बरामदगी:-** एक अदद अवैध 01 नाल बन्दूक 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस, एक अदद चाकू (छुरा) 12 बोर,तीन प्लास्टिक की डिब्बी खूना लूदा मिट्टी व सादी मिट्टी व खूना लूद बाल बरामद

**पुलिस टीम थाना मिश्रिख-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार सिंह
2. उ0नि0 श्री शिवकुमार
3. का0 अमित यादव
4. का0 कमल सिहं
5. का0 कोमल सिहं
6. का0 विनीत चौहन
7. का0 सुरेन्द्र सिहं

# 25 किलो स्मैक हथियार सहित नगदी बरामद, दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान , पटना



♦ नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन, संगठित गिरोह से जुड़े होने की आशंका

पटना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खेमनी चक इलाके से भारी मात्रा में मादक पदार्थ, हथियार और नगदी बरामद की है। आलमगंज और रामकृष्ण नगर थाना पुलिस के संयुक्त अभियान में लगभग 25 किलो स्मैक जब्त किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। इस दौरान दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क केवल नशे के कारोबार तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके तार आपराधिक गतिविधियों से भी जुड़े हो सकते हैं।

**25 किलो स्मैक के साथ हथियार भी बरामद**: पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुप्त सूचना मिली थी कि खेमनी चक में एक किराए के कमरे में अवैध रूप से ड्रग्स का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान कमरे से करीब 25 किलो स्मैक बरामद हुआ। मादक पदार्थ के अलावा, मौके से एक पिस्तौल, एक देसी कट्टा, कई कारतूस और नगद रुपये भी जब्त किए गए हैं।

**दो गिरफ्तार, संगठित गिरोह से जुड़े होने की आशंका**: इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे गहन पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह एक संगठित गिरोह का हिस्सा प्रतीत होता है, जो लंबे समय से इस अवैध धंधे में संलिप्त था। पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी तेज कर दी गई है।

**बिहार में नशे के अभियान लगातार जारी**: शराबबंदी लागू होने के बाद राज्य में नशे के अन्य रूपों के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। इस कार्रवाई को उसी कड़ी में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अधिकारियों ने बताया कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 'नीतीश के जाने का बीजेपी को ज्यादा नुकसान होगा'

लोकतंत्र की शान , पटना



❑ आनंद मोहन बोले- सम्राट सीएम के लिए बेहतर ऑप्शन

बिहार में नई सरकार को लेकर बयानबाजी जारी है। अब बाहुबली आनंद मोहन ने ने नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले पर ऐतराज जताया है। इधर, इन सबके बीच नीतीश कुमार लगातार एक्टिव हैं। मुख्यमंत्री ने गौरव पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। दिनेश लाल यादव ऊर्फ निरहुआ ने खेसारी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राजनीति ईमानदार लोगों के लिए है, नॉनसेंस लोगों के लिए नहीं है। जानिए बिहार की पॉलिटिकल खबरों का अपडेट्स..

**आनंद मोहन बोले- नीतीश के जाने का BJP को ज्यादा नुकसान**: राज्यसभा के लिए चुने गए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 मार्च तक इस्तीफा देंगे। यह संवैधानिक प्रक्रिया या बाध्यता भी है। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार विधानपरिषद से इस्तीफा देंगे। इसके साथ ही नई सरकार के गठन को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। इन सबके बीच पूर्व सांसद और बाहुबली आनंद मोहन ने नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर ऐतराज जताया है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, फैसला चाहे नीतीश कुमार का ही क्यों ना हो, बिहार के लाखों लोग इस फैसले से आहत हैं और असहमत हैं। इससे जदयू को नुकसान तो होगा ही, लेकिन उससे ज्यादा नुकसान बीजेपी को होगा। पूर्व सांसद ने निशांत को फुल फ्लेज्ड पावर देने की वकालत करते हुए कहा, फैसले से लोगों में गुस्सा है। लव-कुश का समीकरण बिगड़ा है और इसका फायदा विपक्ष को होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अनंत सिंह ने पसंदीदे घोड़े की थामी लगाम

**लोकतंत्र की शान : पटना**। मोकामा से जदयू विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह पटना वाले अवास के बाहर अपने पसंदीदा काले रंग के घोड़े की लगाम थामे दिखे। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि अनंत सिंह घोड़े की लगाम थामे कह रहे हैं- चल तो, घोड़ा चलने लगता है। फिर कहते हैं आगे बढ़ तो, घोड़ा आगे बढ़ने लगाता है। वीडियो में दिख रहा है कि अनंत सिंह व्हाइट शर्ट, लोअर और काले रंग का चश्मा पहने हैं और घोड़े को काबू करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में अनंत सिंह के साथ उनके समर्थक भी दिख रहे हैं, जो वीडियो बना रहे हैं। अनंत सिंह के शौक भी किसी राजा-महाराजा से कम नहीं थे। कभी उनके पास 100 घोड़े हुआ करते थे। इतना ही नहीं उन्होंने घर में अजगर और हाथी तक पाल रखे थे। साल 2007 की बात है। सोनपुर मेले में लालू यादव का घोड़ा बिक्री के लिए आया था। अनंत सिंह को घोड़े रखने का बेहद शौक था और वे इस घोड़े को खरीदना चाहते थे। हालांकि, उन्हें पता था कि लालू यादव उन्हें सीधे यह घोड़ा नहीं बेचेंगे। ऐसे में उन्होंने एक किसान को घोड़ा खरीदने के लिए भेजा और आखिरकार वह घोड़ा खरीद लिया गया। इसके बाद अनंत सिंह उसी घोड़े के साथ सोनपुर मेले में घूमते नजर आए। जब अनंत सिंह विधायक बने तो उनका अंदाज और भी अलग हो गया। वे घोड़ा-बग्घी पर सवार होकर विधानसभा पहुंचते थे। यह बग्घी भी आम नहीं थी। इसमें लाइटें और म्यूजिक सिस्टम लगे होते थे और इसे लाल रंग के खूबसूरत कपड़ों से सजाया जाता था।



### पापा मेरी जान...गाने पर तेजप्रताप की भतीजे संग रील

**लोकतंत्र की शान : पटना**। पार्टी-परिवार से बेदखल राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का एक इमोशनल वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में तेज प्रताप यादव अपने भतीजे और तेजस्वी के बेटे इराज के साथ खेलते हुए नजर आ रहे हैं। तेज प्रताप यादव ने यह वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है। वीडियो में चाचा-भतीजे की बॉन्डिंग साफ देखी जा सकती है। तेज प्रताप इराज के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। 2 मिनट 17 सेकेंड के इस वीडियो के बैकग्राउंड में पापा मेरी जान जैसे इमोशनल गाने बज रहे हैं। तेजप्रताप के इस पोस्ट के बाद अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव ने अपनी भांजी उज्जैनी का कन्या पूजन करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो के बैकग्राउंड में देवी दुर्गा की आरती बज रही है। तेज प्रताप ने वीडियो के बैकग्राउंड में फिल्म 'एनिमल' का चर्चित गाना 'पापा मेरी जान' और फिल्म 'सूर्यवंशम' के इमोशनल गानों का लगाया है। इन गानों के जरिए उन्होंने पिता-पुत्र और परिवार के अटूट रिश्तों की भावनाओं को दिखाने की कोशिश किया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे 'पारिवारिक एकजुटता' का संदेश मान रहे हैं। तेजप्रताप ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- बेटा पापा का गर्व होता है, और पापा बेटे की सबसे बड़ी ताकत। तेजप्रताप ने अपने पोस्ट में तेजस्वी को भी टैग किया है।



### वैशाली के मजदूर की मुंबई में मौत, सड़क पार करते समय वाहन ने मारी टक्कर, 6 साल पहले हुई थी शादी

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दाउदनगर वार्ड संख्या 7 से एक मजदूर की मुंबई मे हुई मौत। मुंबई में सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विनोद शाह के 29 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के पिता विनोद शाह ने बताया कि उनके पुत्र विकास कुमार से आखिरी बार 26 मार्च को सुबह 9 बजे बात हुई थी। इसके बाद 27 मार्च की सुबह जब उन्होंने पुत्र को फोन लगाया तो एक अजनबी ने फोन उठाया। पिता द्वारा परिचय मांगने पर उस व्यक्ति ने जानकारी देने से इनकार कर दिया और परिजनों का कोई स्थानीय संपर्क नंबर मांगा। इस पर विनोद शाह ने अपने छोटे पुत्र विपिन कुमार के साले अमित कुमार का नंबर दे दिया। अमित कुमार जब उस व्यक्ति के बताए स्थान पर पहुंचे तो पता चला कि विकास कुमार को पहले ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। अस्पताल पहुंचने पर अमित ने देखा कि विकास ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिसके बाद राहगीरों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दाउदनगर के उपमुखिया गुड्डू कुमार ने बताया कि विकास कुमार दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी को छह वर्ष हो चुके थे और वह चार वर्ष तथा मात्र तीन माह के दो छोटे-छोटे बच्चों का पिता था। घटना के बाद पत्नी की हालत रो -रो कर बेहद खराब है और वह लगातार रो रही है। वही परिजन ने बताया की मृतक विकाश कुमार का 27 को मृत्यु हुई है ओर आज उनका शव घर शाम तक आ रही है।

### वैशाली स्कूल में 180 स्टूडेंट, मिले सिर्फ 17, 12 टीचर मौजूद

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली के पातेपुर स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मौदह चतुर में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। उप मुखिया प्रतिनिधि सह अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने इस विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों की बेहद कम उपस्थिति पाई। कक्षा 9 और 11 में कुल 180 छात्र नामांकित हैं, लेकिन निरीक्षण के समय केवल 17 छात्र ही उपस्थित मिले। विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक और 12 शिक्षक पदस्थापित हैं। राजीव कुमार सिंह ने निरीक्षण की वीडियो रिकॉर्डिंग जिला पदाधिकारी को भेजी। वीडियो प्राप्त होने के बाद, जिला पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिक्षक/शिक्षिकाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया गया है। छात्रों की इतनी कम उपस्थिति यह दर्शाती है कि विद्यालय का शैक्षणिक और प्रशासनिक माहौल संतोषजनक नहीं है। यह स्थिति शिक्षकों और प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपेक्षित रुचि न लेने की ओर इशारा करती है। यह सरकारी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

### वैशाली में गंगा में डूबी 2 युवतियां लापता, रेस्क्यू जारी

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली में गंगा नदी में डूबने से लापता हुईं दो युवतियों के शव दूसरे दिन भी बरामद नहीं हो सके हैं। एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है। यह घटना चैत्र नवरात्र के दौरान गंगा स्नान के समय हुई थी। घटना देसरी थाना क्षेत्र के गनियारी में 27 मार्च की सुबह करीब 7 बजे हुई। 6-7 महिलाएं और युवतियां गंगा नदी में स्नान कर रही थीं, तभी वे डूबने लगीं। स्थानीय लोगों की तत्परता से कई महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन इस घटना में एक युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान नयागांव बरियारपुर गांव निवासी रिट्ठु राय की 18 वर्षीय बेटी सीमा कुमारी के रूप में हुई है। रिट्ठु राय की दूसरी बेटी सोनी कुमारी और उपेंद्र राय की बेटी आंचल अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। लापता सोनी कुमारी के पति रौशन कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी चार दिन पहले मायके आई थीं। परिवार के मना करने के बावजूद वह सुबह गंगा घाट पर स्नान करने चली गई थीं। सोनी कुमारी चार महीने की गर्भवती थीं और उनका एक डेढ़ साल का बच्चा भी है। रौशन कुमार ने यह भी बताया कि उनकी पत्नी ने उनसे कहा था कि वह अगले दिन वापस आएंगी और उन्हें लेने आने को कहा था। इस बीच, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने लापता दोनों युवतियों सोनी और आंचल कुमारी के आश्रित परिवारों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की है। एसडीआरएफ के एसआई शिवशंकर साह ने बताया कि शव ढूंढने में दिक्कतें आ रही हैं। गंगा नदी में कटाव के कारण कई मकानों और पेड़-पौधों के बड़े-बड़े मलबे हैं, जिनमें शव फंस सकते हैं।

# सहरसाः दत्तक गृह का डीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक गृह, सहरसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवासित शिशुओं की देखरेख हेतु की गई व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। इस अवसर पर दत्तक गृह की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई। साथ ही अभिलेखों एवं पंजी संधारण का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को सेवाभाव से अपने निर्धारित दायित्वों का समुचित निर्वहन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई सह जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं सिमरी बख्तियारपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहरसाः LPG वितरण में लापरवाही पर सख्ती, बैकलॉग तत्काल खत्म करने के निर्देश

लोकतंत्र की शान



**सहरसा,मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** निदेशानुसार शनिवार को आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण की वर्तमान स्थिति, परिलक्षित अनियमितताओं के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई तथा पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) की उपलब्धता को लेकर उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा में स्पष्ट किया गया कि गैस एजेंसियों द्वारा वितरण में हो रही देरी और बैकलॉग को गंभीरता से लिया गया है। सभी एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि लंबित बैकलॉग को तत्काल निष्पादित करते हुए नियमानुसार एलपीजी वितरण कार्य में तेजी लाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में Indian Oil Corporation Limited, Bharat Petroleum Corporation Limited तथा Hindustan Petroleum Corporation Limited के प्रतिनिधियों सहित सिटी गैस सेवा से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ एजेंसियों में सिलेंडर डिलीवरी में 4 दिनों से अधिक की देरी हो रही है, जिस पर प्रशासन ने सख्त नाराजगी जताई। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जिन एजेंसियों में बैकलॉग 4 दिनों से अधिक पाया जाएगा, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यक होने पर उनका अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) भी रद्द किया जा सकता है। साथ ही, PNG गैस सेवा के विस्तार पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सहरसा के पश्चिमी क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है और शीघ्र ही घरों तक PNG गैस आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता पर भी प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान में जिले में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति है। साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि कोई भी पेट्रोल पंप ड्रम या जार में खुले में ईंधन की बिक्री नहीं करेगा, ताकि जमाखोरी पर रोक लगाई जा सके। जिला प्रशासन ने सभी तेल कंपनियों और गैस एजेंसियों को आम जनता को निर्बाध सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी है कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अज्ञात युवक का शव मिला, आलमगंज के भद्राघाट इलाके में मची सनसनी

♦ नशे से मौत की आशंका; पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

लोकतंत्र की शान , पटना



पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह मामला भद्रघाट स्थित रमना स्कूल भद्रघाट के पास का है, जहां युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नशे के कारण हुई है।

**नशे से मौत की आशंका, जांच जारीः** सुबह स्थानीय लोगों की नजर युवक पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, युवक को पहले कभी इस इलाके में नहीं देखा गया था, जिससे उसके बाहरी होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं कुछ लोग इसे आपराधिक घटना से भी जोड़कर देख रहे हैं।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजारः** प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नशे के कारण हो सकती है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**पहचान की कोशिश तेज, CCTV खंगाल रही पुलिसः** आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। इसके लिए आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है, ताकि गुमशुदगी के मामलों से मिलान किया जा सके। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# आंधी-बारिश से सहरसा में भरा पानी, किशनगंज में घने बादल, पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट

लोकतंत्र की शान , पटना



सुपौल में ओले गिरने से फसलों को नुकसान

बिहार में शुक्रवार से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आधी रात पटना समेत 5 जिलों में आंधी-बारिश से मौसम खराब हो गया। शनिवार सुबह भी पटना के कुछ इलाकों में बारिश हुई। किशनगंज में घने काले बादल हैं। इधर, मौसम विभाग ने आज 38 जिलों में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 12 जिलों में ऑरेंज तो 26 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलं में 60 KM/H की रफ्तार से हवा चलेगी। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली और ओला गिरने की आशंका है। वहीं, बाकी 26 जिलों में आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवा चल सकती है।

**पटना में आधी रात आंधी-बारिशः** शुक्रवार रात 11 बजे पटना और गयाजी में आंधी के साथ बारिश हुई है। तेज हवा की वजह से दुकानों के होर्डिंग्स उड़ गए और दर्जनों मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। रामनवमी की शोभा यात्रा के लिए बनाए गेट टूट कर गिर गए। पटना के डाकबंगला चौराहे पर LED लाइट तेज हवा से गिर गई। उस वक्त भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सामने मुख्य मंच पर मौजूद थे। मुख्य मंच उनसे 200 मीटर की दूरी पर था। डाकबंगला चौराहे पर आंधी-बारिश के बीच पोस्टर ओढ़कर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने झाकियों को सम्मानित किया।

**सहरसा में मोहल्लों में भरा पानी, किशनगंज-सुपौल में गिरे ओलेः** नालंदा में आंधी से मॉडल अस्पताल कैंपस में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। भागलपुर, खगड़िया, लखीसराय, गयाजी और किशनगंज में भी देर रात तेज हवा के साथ बारिश हुई। किशनगंज और सुपौल में ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इधर, सहरसा में शुक्रवार हुई तेज बारिश से कई मोहल्लों में पानी भर गया है। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है।

# बिहटा में 2 चोरों को किया गिरफ्तार, दुकान से 72 मोबाइल की चोरी हुई थी

लोकतंत्र की शान , पटना



❑ 7 हुए बरामद, अन्य को पुलिस तलाश रही

पटना के बिहटा में वर्ल्ड मोबाइल दुकान में चोरी हुई थी। मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के 7 मोबाइल बरामद किए गए हैं। चोरी 1 मार्च को हुई थी। जिसमें कुल 72 मोबाइल और अन्य सामान चुराए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फुलवारी शरीफ निवासी आफताब आलम और गया निवासी मो. साबिर आलम के रूप में हुई है। आफताब के पास से 6 और साबिर के पास से एक चोरी का मोबाइल फोन मिला है। घटना कन्हौली बाजार की है।

**जिसे मोबाइल बेटा उसे भी गिरफ्तार कियाः** पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी टीम और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आफताब आलम की पहचान हुई। आफताब आलम से पूछताछ के बाद पता चला कि उसने एक चोरी का मोबाइल फोन गया के मो. साबिर आलम को बेचा था। इसके बाद पुलिस ने साबिर आलम को भी गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, दोनों गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# डाकबंगला चौराहा-बेली रोड-फ्रेजर रोड में होर्डिंग लगाना सबसे महंगा, रजिस्ट्रेशन के लिए 1.5 लाख

लोकतंत्र की शान , पटना




❑ रिनुअल के लिए 60 हजार लगेगा, गोलंबर-क्रॉसिंग का किराया ज्यादा

पटना में कहीं भी होर्डिंग या विज्ञापन लगाने के लिए जोन के हिसाब से तय दरों पर शुल्क देना होगा। पटना नगर निगम ने आउटडोर विज्ञापन व्यवस्था के लिए नई विज्ञापन नियमावली लागू कर दी है। नई पॉलिसी के तहत पटना को चार जोन में बांटा गया है। सबसे व्यस्त और व्यावसायिक इलाकों में विज्ञापन दरें सबसे ज्यादा रखी गई हैं। पटना में सबसे महंगी दरें डाकबंगला चौराहा, बेली रोड, फ्रेजर रोड, गांधी मैदान और बोरिंग रोड का है। इन जगहों पर प्रति वर्ग फुट 90 से लेकर 150 रुपये तक लगेगा।


**रजिस्ट्रेशन के लिए 1.5 लाख, रिनुअल के लिए 60 हजार शुल्कः** पटना नगर निगम ने एजेंसियों के लिए लाइसेंस, सिक्योरिटी डिपॉजिट और समय पर शुल्क भुगतान की शर्तें तय की हैं। इसके साथ ही, बिना अनुमति विज्ञापन लगाने या नियम तोड़ने पर भारी जुर्माना लगेगा। वहीं, बार-बार नियम तोड़ने पर एजेंसी ब्लैकलिस्ट होगी। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस कोई भी एजेंसी शहर में विज्ञापन नहीं लगा सकेगी। रजिस्ट्रेशन के लिए 1.5 लाख और रिनुअल के लिए 60 हजार रुपये शुल्क लगेगा। सभी होर्डिंग, यूनिपोल या डिजिटल बोर्ड के लिए अलग अनुमति लेनी होगी। संरचना की सुरक्षा, साफ-सफाई और तकनीकी मानकों का पालन करना एजेंसी की जिम्मेदारी होगी।

**चार जोन में बांटा गया पटना शहरः** नई पॉलिसी के तहत पटना को चार जोन में बांटा गया है। इसमें जोन ए में प्रिंसिपल रोड, जोन बी में रेसिडेंशियल प्लस और कॉमर्शियल रोड, जोन सी में अन्य एरिया और जोन डी में गोलंबर व सर्किल, इंटरसेक्शन व क्रॉसिंग शामिल है। यह जोन निर्धारण ट्रैफिक और भीड़भाड़ का स्तर, व्यावसायिक महत्व और लोकेशन वैल्यू, सड़क की चौड़ाई और विजिबिलिटी, प्रमुख संस्थान व चौराहों की मौजूदगी और विज्ञापन के प्रभाव की संभावना की बिंदुओं को लेकर हुआ है। प्रीमियम जोन में पटना के सबसे प्राइम लोकेशन पर व्यस्त, हाइट्रैफिक व व्यावसायिक इलाके शामिल किए गए हैं। गोलंबर, सर्किल, इंटर सेक्शन और क्रॉसिंग को जोन डी में रखा गया है, लेकिन शुल्क जोन A का दोगुना लगेगा। शहर के 14 गोलंबर व सर्किल और 11 इंटर सेक्शन व क्रॉसिंग को चिह्नित किया गया है। वहीं, मीडियम जोन में वे इलाके शामिल हैं, जहां प्राइम लोकेशन व रोड हो। यह जोन A है। इसमें कुल 31 लोकेशन को चिह्नित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकियू अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत 6 शातिर अपराधियों पर लगा गुण्डा एक्ट

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा : हसनपुर**। अमरोहा जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अमरोहा पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध निरंतर कठोर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जनपद की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 06 शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस पर अंकुश लगाने और आम जनमानस में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए की गई है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार भदोरिया के निकट मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना हसनपुर पुलिस ने क्षेत्र के चिन्हित अपराधियों की कुंडली खंगाली। पुलिस जांच में पाया गया कि ये अभियुक्त लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे और क्षेत्र में भय का माहौल बना रहे थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने इन पर 3/4 गुण्डा एक्ट की प्रभावी कार्रवाई की है। जिन अपराधियों पर कार्रवाई की गई है, उनमें हसनपुर क्षेत्र के मोहल्ला होलीवाला निवासी भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी, मोहल्ला कोट खेवान निवासी अनीता, सुशीला,और जोगेन्द्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सैदनगली थाना क्षेत्र के ग्राम तरारा निवासी अंकित और शब्दलपुर शर्की निवासी आकाश के विरुद्ध भी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, इन अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और ये भविष्य में भी कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते थे। इस कठोर कार्रवाई के बाद अब इन अपराधियों की गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और जो भी व्यक्ति समाज की शांति भंग करने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध इसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वही इस मामले में भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी का कहना है कि वह लगातार किसानों की समस्याओं को उठाते रहेंगे। प्रशासन चाहे उन पर कोई भी कार्यवाही करें।



### मैत्री क्रिकेट मैच में जुबिलेंट इलेवन ने कब्जाई ट्राफी



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः गजरौला**। विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित चार दिवसीय मैत्री क्रिकेट मैच के फाइनल में जुबिलेंट इलेवन की टीम ने आरएसीएल की टीम को छह रनों से शिकस्त देकर विजय हासिल कर ली। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के साइड हेड विनोद झा ने विजेता और रनरअप टीमों को ट्राफी प्रदान कीं। शुक्रवार की देर शाम जुबिलेंट की फर्स्ट कालोनी में स्थित खेल मैदान में आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच के फाइनल का शुभारंभ जुबिलेंट में साइट हेड विनोद झा ने टॉस उछालकर किया। आरएसीएल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इस टीम के खिलाड़ी सुरेश ने पहले ओवर में ही छक्का लगाकर खाता खोला लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट हो गए। आरएसीएल के स्टार बल्लेबाज और दो दिनों से लगातार मैन ऑफ दि मैच रहे वैभव भी दूसरे ही ओवर में पवेलियन लौट आए। आरएसीएल की टीम इस सदमे से उबरी भी नहीं थी कि अन्य खिलाड़ियों के बाद टीम के कप्तान नवनीत शर्मा भी एक सिक्सर लगाने के बाद अगली ही बॉल में आउट हो गए। लगातार एक के बाद एक खिलाड़ियों का विकेट गिरने से टीम की गति थम गई और पूरी टीम निर्धारित दस ओवर में मात्र 87 रनों पर ही सिमट गई। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी जुबिलेंट इलेवन की टीम आते ही मैदान में छा गई। अपनी धुआंधार बैटिंग की बदौलत टीम ने पांच ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर रनों का स्कोर खड़ा कर जीत का मार्ग प्रशस्त कर लिया और छह ओवर में ही 93 रन बना कर विजय प्राप्त कर ली। गौरव ने 24 रन, प्रतीक ने 14 एवं नवीन ने छह रनों का योगदान दिया। जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा ने जुबिलेंट इलेवन की विनर टीम के कप्तान डा.सुजिंदर फोगाट एवं आरएसीएल की रनरअप टीम के कप्तान नवनीत शर्मा के साथ ही 39 रन बनाकर मैन ऑफ दि मैच रहे विनर टीम के खिलाड़ी मनदीप सिंह को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैच के कप्तान विष्णु त्रिपाठी एवं संजीव वर्मा रहे। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य,पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, खेल, वृद्ध एवं दिव्यांगजनों की सेवा आदि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहती है।

### रेवाड़ी में 14 साल की नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**लोकतंत्र की शान : रेवाड़ी**। हरियाणा के रेवाड़ी जिले के एक गांव में 14 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना बीती रात की बताई जा रही है, जब पीड़िता की मां घर से बाहर ड्यूटी पर गई हुई थी। इसी दौरान आरोपित ने मौके का फायदा उठाते हुए वारदात को अंजाम दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी पीड़िता के जीजा का दोस्त बताया जा रहा है। आरोप है कि वह नाबालिग को बहला-फुसलाकर गांव की बनी (जंगल क्षेत्र) में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घर लौटने के बाद अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। बेटी की आपबीती सुनने के बाद मां ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। महिला ने खोल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से झज्जर जिले की रहने वाली है और वर्तमान में राजस्थान की एक कंपनी में काम करती है।

# जिला कांग्रेस समन्वय और कार्य समन्वय समिति की मासिक बैठक संपन्न

**अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य में संगठन मजबूती, जनहित मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा**

लोकतंत्र की शान, (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)




**सीधी**। जवाहर कांग्रेस भवन में जिला समन्वय समिति और जिला कांग्रेस कार्यसमिति की मासिक बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा और जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में समन्वय समिति के सदस्य आनंद सिंह, चिंतामणि तिवारी, रुद्रप्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, दान बहादुर सिंह, अरविंद सिंह रोशन, श्यामवती सिंह, मनोज कोल, चंद्रवती साकेत, प्रफुल्ल पाण्डेय और नागेश्वर साकेत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाने और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ताओं में होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया साथ ही बूथ स्तर तक कांग्रेस के संगठन को समन्वय के साथ काम करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए समन्वय और अनुशासन बेहद आवश्यक है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में जिला पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के पति पर जानलेवा हमला, कार्यवाही में हीलाहवाली का आरोप

**न्याय न मिलने पर पीड़ित ने आत्महत्या की चेतावनी**



ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख लोकतंत्र की शान

**सीधी**। जिले के बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जेठूला गांव में उधारी के पैसों के लेनदेन को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष के पति पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है।इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बावजूद उन्हें लगातार सामाजिक और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते वे पिछले चार दिनों से घर में ही कैद रहने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार मयापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सियाकुमारी के पति कमलेश पर गांव के ही योगेंद्र बहादुर सिंह द्वारा कथित रूप से हमला किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले से उधारी पैसों को लेकर विवाद चल रहा था, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गया, इस दौरान कमलेश को गंभीर चोटें आईं हैं। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर बहरी थाना पुलिस ने आरोपी योगेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है,हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है और आरोपी पक्ष द्वारा समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

## गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जावे सभी को गैस मिले

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन, एडवोकेट ने कटनी शहर और कटनी जिले में घरेलू गैस की अनुपलब्धता व सही सप्लाई न होने से आम जनता को हो रही तकलीफ की ओर जिले के प्रशासनिक मुखिया कलेक्टर कटनी और खाद्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षण किया है। मिथलेश जैन ने बताया है कि मध्य पूर्व में ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण भारत में भी गैस की घरेलू गैस के सिलेंडरों की दिक्कत हो रही है।कटनी जिले में भी विगत लगभग एक माह से होम डिलीवरी ना होने से जनता गैस एजेंसीयों के सामने लाइन लगाकर दिनभर परेशान हो रही है लेकिन कभी गाड़ी ना आने का बहाना बनाकर,कभी केवाईसी ना होने का बहाना करके व अन्य बहाने करके उपभोक्ताओं को गैस नहीं दी जा रही है। गैस कंपनियों के नियमानुसार गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी होना चाहिए क्योंकि गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी का चार्ज भी लिया जा रहा है लेकिन होम डिलीवरी ना करके अपने कार्यालय में लंबी लाईन लगवाकर डिलीवरी की जा रही है। गैस की डिलीवरी ना मिलने से होटल, ठेला वाले व उद्योग वाले भारी परेशान हैं। गरीबों के ठेले बंद हो रहे हैं। रामनवमी के भंडारे करने वाले भी गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान हुए।घर में उपयोग के लिए भी सिलेंडर न मिलने से महिला एवं नागरिक गण परेशान हैं। कटनी जिले में कोई भी प्रशासनिक अधिकारी और खाद्य अधिकारी ने फील्ड में उतरकर इस कठिनाई को दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया है।इस कारण गैस सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग भी हो रही है। मिथलेश जैन ने मांग की है कि अविलंब सुचारु व्यवस्था जारी करते हुए कमर्शियल व घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता समय पर किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। (मिथलेश जैन)

## अपनी दुकान से किताब यूनिफार्म खरीदने का दबाव दिया तो गिरेंगे कार्यवाही की गाज

लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)



**सीधी** । जिले में निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसते हुए कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने अभिभावकों को बड़ी राहत प्रदान की है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार अब कोई भी निजी विद्यालय विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को किसी निर्धारित दुकान से किताबें, यूनिफॉर्म या अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा। अब तक कई निजी विद्यालय संचालकों द्वारा अभिभावकों को महंगी किताबें, अनावश्यक कॉपियां एवं पूरा सेट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था, जिससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। नए निर्देशों के माध्यम से इस प्रकार की मनमानी पर रोक लगाने का प्रयास किया गया है।

**तय दुकानों की अनिवार्यता समाप्त**-जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी स्कूल यह नहीं बताएगा कि किताबें, कॉपियां या यूनिफॉर्म केवल किसी विशेष दुकान या विक्रेता से ही खरीदी जाएं। अभिभावक अब अपनी सुविधा एवं उचित मूल्य के अनुसार किसी भी विक्रेता से सामग्री खरीद सकेंगे। साथ ही किसी भी निजी प्रकाशक या विक्रेता को स्कूल परिसर में किताबों के प्रचार-प्रसार या बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

**फीस वृद्धि पर भी नियंत्रण**-आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फीस वृद्धि को लेकर भी स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। 10 प्रतिशत तक की वृद्धि स्कूल स्वयं कर सकेंगे। 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि के लिए जिला स्तरीय समिति की अनुमति आवश्यक होगी। 15 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के लिए राज्य स्तरीय समिति की स्वीकृति अनिवार्य होगी।

**उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई**-निर्देशों का पालन नहीं करने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाएगी। नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य। सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उक्त आदेशों को अपने नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, ताकि अभिभावकों को उनके अधिकारों की पूरी जानकारी मिल सके। इस निर्णय से अभिभावकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

## सीधी पुलिस के इतिहास में पहली बार 'पुलिस प्रीमियर लीग' की अभिनव पहल; डीआरपी-11 बनी प्रथम संस्करण की चैंपियन

**» रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे की कप्तानी में टीम ने रचा इतिहास; प्रमोद गौड़ रहे 'मैन ऑफ द मैच' और 'मैन ऑफ द सीरीज'**

लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)




**सीधी**। पुलिस अधीक्षक सीधी श्री संतोष कोरी के कुशल निर्देशन में आज सीधी पुलिस के इतिहास में एक नूतन एवं अभिनव अध्याय की शुरुआत हुई। जिला पुलिस बल की कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए 'सीधी पुलिस प्रीमियर लीग' (SPPL) के प्रथम संस्करण का भव्य आयोजन, पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। जिले में पहली बार आयोजित इस तरह की लीग ने न केवल जवानों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि पुलिसिंग के व्यस्त जीवन में खेल के माध्यम से नई ऊर्जा का संचार भी किया है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट में जिले की चार प्रमुख टीमों—हेडक्वार्टर-11, चुरहट-11, मझौली-11 और डीआरपी-11 ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

**मैच का रोमांच और परिणाम**

**15-15 ओवरों के इस टूर्नामेंट में कुल तीन मुकाबले खेले गए, जिनमें दो एलिमिनेटर और एक फाइनल मैच शामिल था:**

**प्रथम एलिमिनेटरः** हेडक्वार्टर-11 बनाम चुरहट-11 के बीच खेला गया। चुरहट-11 ने 143 रन बनाकर 144 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए हेडक्वार्टर-11 की टीम 116 रनों पर सिमट गई।

**द्वितीय एलिमिनेटरः** मझौली-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रन बनाए। कप्तान श्री वीरेंद्र कुमरे के नेतृत्व वाली डीआरपी-11 ने इस लक्ष्य को मात्र 9वें ओवर में ही 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

**फाइनल मुकाबलाः** खिताबी भिड़ंत डीआरपी-11 और चुरहट-11 के बीच हुई। चुरहट-11 ने 137 रन बनाकर 138 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। रोमांचक मोड़ पर पहुंचे इस मैच को डीआरपी-11 ने अंतिम ओवर में 2 विकेट से जीतकर प्रथम संस्करण की ऐतिहासिक ट्रॉफी अपने नाम की।

**कुशल प्रबंधन और सफल कप्तानी**-इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रक्षित निरीक्षक श्री वीरेंद्र कुमरे की दोहरी भूमिका रही। उन्होंने न केवल रक्षित निरीक्षक के रूप में पूरे कार्यक्रम का उत्कृष्ट प्रबंधन किया, बल्कि डीआरपी-11 के कप्तान के तौर पर अपनी टीम का शानदार नेतृत्व कर उसे खिताबी जीत तक पहुँचाया। उनके इस बहुमुखी प्रदर्शन की अधिकारियों और खिलाड़ियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## फतेहाबाद में निवेश के नाम पर 29 लाख की ठगी, फर्जी कंपनी की एमडी खुशी गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**फतेहाबाद**। लोगों को निवेश के नाम पर भारी मुनाफे का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में भूना पुलिस ने कंपनी की एमडी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी महिला की पहचान खुशी (निवासी सिम्बलवाला, टोहाना) के रूप में हुई है। भूना थाना प्रभारी उप-निरिक्षक ओमप्रकाश ने शनिवार को बताया कि इस बारे पुलिस ने बलजीत सिंह निवासी जाण्डली कलां और कविता निवासी भूना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ताओं ने बताया कि आरोपियों ने प्रिंस पाखी एजुकेशन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड नामक एक फर्जी कंपनी बनाई हुई थी। आरोपियों ने पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि उनकी कंपनी दुबई में गोल्ड और शेयर ट्रेडिंग का काम करती है और निवेश करने पर हर महीने 10 से 15 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर कुल 29 लाख 25 हजार रुपये निवेश करवाए। शुरुआती समय में कुछ राशि वापस देकर विश्वास जीता गया, लेकिन बाद में आरोपियों ने कुल 23 लाख 3 हजार रुपये की बकाया राशि डकार ली। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज की और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दीं। इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के साथ-साथ हरियाणा प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट ऑफ डिपॉजिटर्स एक्ट 2013 और बैनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट 2019 के तहत मुकदमा दर्ज किया गग़या था। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग रिकॉर्ड के आधार पर कंपनी की एमडी आरोपी खुशी को गिरफ्तार कर लिया है।

## नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति कटनी के द्वारा जल मंदिर (प्याऊ )का शुभारंभ किया गया

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश




**कटनी** विगत दिनो 27 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 1मझगवां फाटक के ग्राम देवडोंगरा में, नवांकुर संस्था दिव्या जन कल्याण समिति बोहता के द्वारा, सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के अंतर्गत ग्राम मड़ई जुगियाकाप में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा और सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया के ग्राम बड़खेरा में नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति कटनी के द्वारा जल मंदिर (प्याऊ )का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल के निर्देशानुसार 19 मार्च से 30 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तीन चरणों में विभिन्न अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जानी है। जिसके अंतर्गत 19 मार्च से 27 मार्च तक चलाए गए प्रथम चरण में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, कलश यात्रा, जल स्त्रोतों का पूजन, वृक्षों का पूजन, सहित जल मंदिरों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है इसी श्रृंखला में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के मार्गदर्शन एवं नवांकुर संस्थाओं के समन्वय से 3 सेक्टरों में अलग-अलग ग्रामों में नवांकुर संस्थाओं के द्वारा राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए जल मंदिरों (प्याऊ) की स्थापना की गई है। इस अवसर पर विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों के रूप में ग्राम पंचायत मझगवां सरपंच संतोष निषाद,ग्राम पंचायत कूड़ो सरपंच तेजभान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री राम पटेल, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी राजू यादव, साध्वी निगम, गनपत कोल, नवांकुर संस्था के पदाधिकारी बाबू श्याम कोल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खोहरी के अध्यक्ष शशिकांत पटेल, सचिव अजीत पटेल,भनपुरा-1 की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी चौधरी, सचिव श्रीमती राधा विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की छात्रा श्रीमती नेहा शुक्ला समाजसेवी विकास तिवारी सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## वैदिक विधि विधानो के अनुसार स्थापित हुई प्राचीन हनुमान मंदिर कपुरी कोठार के परिसर में अष्टभुजी जगदम्बा की प्रतिमा

**» जयपुर के मशहूर मूर्ति कार द्वारा निर्मित प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा**

लोकतंत्र की शान (कु ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख)



**सीधी**। जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के कपुरी कोठार के प्राचीन हनुमान मंदिर के परिसर में मां जगदंबा की भव्य प्रतिमा की प्रतिस्थापना आज शनिवार 28 मार्च 2026 को वैदिक विधि विघ्नों के अनुसार वेदाचार्य के उच्चरणों के बीच स्थापित की गई है। तीन दिनों से चल रहा है वेदिक पूजा पाठ के बाद आज दोपहर में माता के प्रतिमा स्थापित हुई, बाद उनकी पूजा आरती करके भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। गौरतलब हो की कपुरी कोठार के प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में भरतपुर निवासी उमेश कुमार सिंह ने दुर्गा मंदिर का निर्माण कराकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी जिनकी विधिवत पूजा अर्चना हो रही थी श्रद्धालुओं के लगातार जल स्नान करने के कारण पुरानी प्रतिमा का रंग बदल गया था जिसकी जानकारी भैंसरहा गांव निवासी दयानंद उपाध्याय को हुई तो उन्होंने पंडितों वेदाचार्य , हनुमान मंदिर के प्रधान पुजारी हनुमान प्रसाद मिश्र वहीं अमिलई हनुमान मंदिर के प्रधान पुजारी श्री मिश्र से विचार विमर्श करने के बाद भव्य प्रतिमा स्थापित करने का विचार प्रकट किया जिसे सभी ने सर्वसम्मत से उनके प्रस्ताव को स्वीकार किया तो श्री उपाध्याय ने जयपुर राजस्थान के मार्बल पत्थर से निर्मित अष्टभुजी माता दुर्गा की प्रतिमा आमंत्रित किया, जिनकी स्थापना तीन दिन तक चले पूजा अर्चना के बाद आज स्थापित की गई है। अष्टभुजी माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना अयोध्या धाम के आचार्य अशोक आचार्य महाराज के मुखारविंद से निकले वेदोच्चार के साथ किया गया है। आचार्य अशोकाचार्य जी का सहयोग करने के लिए हनुमान मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद में अनिरुद्ध प्रसाद मिश्रा अंकित पाण्डेय जैसे पुरोहित लगे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के बुशेहर परमाणु संयंत्र के पास हमला बन सकता है बड़ा खतरा:आईएईए




**जिनेवा**। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच 29 दिनों से जारी युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने चेतावनी दी है कि ईरान के बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास किसी भी सैन्य हमले से रेडियोधर्मी रिसाव का बड़ा खतरा हो सकता है। तुर्किए की सरकारी संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी के अनुसार आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हालिया हमलों पर "गहरी चिंता" जताई। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र सक्रिय है और इसमें बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री मौजूद है, जिससे किसी भी नुकसान के गंभीर और दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। ग्रॉसी ने चेतावनी दी कि अगर इस परमाणु संयंत्र को नुकसान पहुंचता है, तो यह "एक बड़ा रेडियोलॉजिकल हादसा" बन सकता है, जिसका असर सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि आसपास के कई देशों तक फैल सकता है। आईएईए प्रमुख ने सभी पक्षों से अपील की है कि वे मौजूदा संघर्ष के बीच "अधिकतम संयम" बरतें और हालात को और बिगड़ने से रोकें। उन्होंने परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। ग्रॉसी ने कहा कि सशस्त्र संघर्ष के दौरान परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा के लिए बनाए गए आईएईए के सात-स्तंभों वाले सुरक्षा ढांचे का पालन करना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना या रिसाव को रोका जा सके। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच यह चेतावनी बेहद अहम मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर परमाणु सुविधाएं संघर्ष का निशाना बनती हैं, तो इसके परिणाम सिर्फ क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी विनाशकारी हो सकते हैं।

### ईरान जंग के बीच ट्रम्प बोले- अगला नंबर क्यूबा का

**वॉशिंगटन डीसी**। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को मियामी में एक बिजनेस समिट के दौरान कही। ट्रम्प ने हालांकि साफ तौर पर यह नहीं बताया कि क्यूबा के खिलाफ उनका अगला कदम क्या होगा, लेकिन उन्होंने इशारा दिया कि जरूरत पड़ी तो सैन्य ताकत का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। ट्रम्प ने कहा मैंने अमेरिकी सेना को बहुत मजबूत बनाया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसका इस्तेमाल करना पड़ेगा, लेकिन कभी-कभी ऐसा करना पड़ता है। वैसे क्यूबा का अगला नंबर है। हालांकि इसके तुरंत बाद ही उन्होंने कहा- ऐसा समझो कि मैंने यह कहा ही नहीं है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब क्यूबा गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वेनेजुएला से तेल सप्लाई बंद होने के बाद वहां ईंधन की भारी कमी हो गई है,



जिससे हालात और खराब हो गए हैं। अमेरिका की मदद से हुई कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को हटाया गया, जिससे क्यूबा की बड़ी ऊर्जा सप्लाई कट गई। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि क्यूबा की सरकार गिरने के करीब है और उन्होंने 'फ्रेंडली टेकओवर' (दोस्ती के नाम पर कब्जा) की बात भी की है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि यह 'फ्रेंडली टेकओवर' हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें 'सम्मान' मिलेगा अगर वे किसी रूप में क्यूबा को अपने नियंत्रण में ले लें। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे क्यूबा को आजाद कर सकते हैं या अपने कब्जे में ले सकते हैं, और उनके पास कुछ भी करने की क्षमता है। हालांकि इतनी सख्त बातें कहने के बावजूद, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बातचीत के रास्ते अभी भी खुले हैं और क्यूबा के नेताओं से बातचीत जारी है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनल ने भी माना है कि अमेरिका से बातचीत हो रही है। उन्होंने संकेत दिया कि टकराव से बचने के लिए क्यूबा बातचीत करना चाहता है, जबकि अमेरिका का दबाव बढ़ता जा रहा है। कुल मिलाकर, ट्रंप का क्यूबा पर फोकस दिखाता है कि उनकी विदेश नीति अब ज्यादा आक्रामक और सीधे संदेश देने वाली हो गई है।

### 8 साल की बच्ची का हत्यारोपी किराएदार एनकाउंटर में ढेर

**आगरा**। आगरा में कारोबारी मकान मालिक की 8 साल की बच्ची की हत्या का आरोपी किराएदार शनिवार तड़के 3 बजे एनकाउंटर में ढेर हो गया। DCP सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि हत्यारोपी फिरोजाबाद भागने की फिराक में है। उन्होंने बताया- पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी फायरिंग करने लगा। इसमें एक दरोगा को गोली लग गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी को भी गोली लग गई। उसे एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ बमरौली कटारा के पास हुई। 29 साल के सुनील ने 24 मार्च को जूता कारोबारी की बच्ची का गला काटकर हत्या कर दी थी। शव को कनस्तर में भर दिया था। करीब 30 घंटे बाद पुलिस ने शव बरामद किया था। तब से वह फरार था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस जांच में सामने आया था कि 11 दिन पहले बकाया किराए को लेकर बच्ची



के चाचा ने उसे थप्पड़ मार दिया था और कमरे पर ताला लगा दिया था। यह बात उसे नागवार गुजरी। उसने बाद में किराया तो दे दिया, लेकिन देख लेने की धमकी भी दी थी। इसके बाद बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। मां पुलिस से बोली- आरोपी का चेहरा दिखाइए तब यकीन होगा हत्यारोपी सुनील के एनकाउंटर के बाद मृतक बच्ची की मां ने पुलिस से कहा- हमें आरोपी की डेडबॉडी दिखाइए तब यकीन होगा कि उसका एनकाउंटर हुआ है। इसके बाद परिवार के लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाया और फोटो दिखाई तब जाकर सभी शांत हुए। दादी ने कहा- हमें इंसाफ मिला हत्यारोपी सुनील की फोटो देखकर मृतका की दादी ने पुलिस का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी के एनकाउंटर से बहुत खुश हैं। अब जाकर उनको सुकून मिला है। उनकी बेटी को न्याय मिला। पुलिस ने उनका बहुत साथ दिया।

### अयोध्या में मंत्री दयाशंकर के यज्ञ स्थल में लगी आग

**अयोध्या**। अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त यज्ञशाला खाली थी। करीब डेढ़ घंटे पहले ही मंत्री का 9 दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पूर्ण हुआ था। उस वक्त करीब 50 हजार से अधिक लोग मौजूद थे। यज्ञ स्थल, राम मंदिर से 800 मीटर दूर है। बताया जा रहा है कि यज्ञ के पूर्ण होने के बाद एक नारियल फूटने से चिंगारी निकली, जिससे कपड़े से बने पंडाल में आग लग गई। परिवहन मंत्री ने कहा फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद था। उसने तुरंत आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई है। सब नियंत्रित है। यज्ञशाला में आग की घटना के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बड़ा आरोप लगाया है। ट्वीट कर लिखा कि यज्ञ के नाम पर बड़े पैमाने पर वसूली हुई लेकिन पैसे बचाने के चक्कर में विशेषज्ञों की देखरेख के बिना ही ये आयोजन हुआ। यज्ञ में शामिल एक व्यक्ति ने बताया- मंत्री के 9 दिवसीय महायज्ञ के लिए यज्ञशाला में 1,251 हवन कुंड बने थे। शनिवार को आखिरी दिन यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच 5 हजार से अधिक यजमानों ने आहुति दी। इसके बाद लोग घर चले गए, तभी हादसा हो गया। संयोग अच्छा था कि यज्ञ समाप्त हो चुका था और पूरा पंडाल खाली था। नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता।

## होर्मुज ब्लॉकेड के बाद अब तेल का नया संकट

# निर्णय : रूस ने लगा दिया पेट्रोल एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध

**एजेंसी, मॉस्को**

दुनिया भर में गहराते ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच रूस ने एक महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय लिया है। रूस सरकार ने देश से पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 1 अप्रैल से पेट्रोल निर्यात पर रोक लगाने का औपचारिक प्रस्ताव तैयार किया जाए। सरकारी अनुमानों के अनुसार, यह कड़ा प्रतिबंध 31 जुलाई तक प्रभावी रह सकता है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखना है।

रूस का यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को हिला कर रख दिया है। उप प्रधानमंत्री नोवाक ने स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों



में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में रूसी ऊर्जा संसाधनों की मांग अभी भी काफी मजबूत बनी हुई है, लेकिन सरकार ने बाहरी लाभ के बजाय घरेलू जरूरतों और नागरिकों को राहत देने को प्राथमिकता दी है। इस प्रतिबंध के पीछे रूस का पिछला कड़वा अनुभव भी एक बड़ी वजह है। बीते वर्ष रूस के कई हिस्सों और उसके नियंत्रण वाले इलाकों में पेट्रोल की भारी किल्लत देखी गई थी। उस समय रिफाइनरियों पर हुए अचानक हमलों और मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने स्थिति को अनियंत्रित कर दिया था। उस संकट से सबक लेते हुए इस बार प्रशासन ने पहले ही एहतियाती कदम उठाने का फैसला किया है। रूस का मानना है कि देश में फिलहाल कच्चे तेल की प्रोसेसिंग स्थिर है, लेकिन यदि निर्यात जारी रखा गया तो घरेलू बाजार पर दबाव असहनीय हो सकता है।

वैश्विक स्तर पर देखें तो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में पैदा हुए व्यवधान ने पहले ही तेल की आपूर्ति को संकट में डाल रखा है। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उत्पादकों में से एक रूस द्वारा पेट्रोल निर्यात रोकना अंतरराष्ट्रीय कीमतों को और अधिक ऊंचाई पर ले जा सकता है। हालांकि, राहत की बात यह है कि रूस ने कच्चे तेल के निर्यात पर फिलहाल कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है, जिससे कच्चा तेल बाजार में आता रहेगा। इस बीच, यूक्रेन की ओर से रूस के तेल बुनियादी ढांचे पर लगातार हो रहे हमलों ने भी मास्को की चिंताएं बढ़ा दी हैं। हाल ही में दो प्रमुख रिफाइनरी संयंत्रों—सारातोव और किरीशी—को निशाना बनाया गया है, जो रूस की कुल रिफाइनिंग क्षमता का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इन हमलों से होने वाले नुकसान की भरपाई और घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्यात पर लगाम लगाना रूस के लिए अनिवार्य हो गया था।

## रेप आरोपी बाबा के खिलाफ 100 शिकायतें मिलीं,ज्यादातर महिलाएं

**एजेंसी, नासिक**



अब तक 10 एफआईआर दर्ज, एसआईटी ने जानकारी लेने के लिए दो फोन नंबर जारी किए

महाराष्ट्र के नासिक में गिरफ्तार स्वयंभू 'बाबा' अशोक खरात के खिलाफ दो और मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि जांच कर रही SIT को पिछले पांच दिनों में फोन पर 100 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। SIT ने लोगों से जानकारी लेने के लिए दो फोन नंबर जारी किए हैं। सर्कारवाड़ा पुलिस स्टेशन में खरात के खिलाफ कुल 10 FIR दर्ज हो चुकी हैं। इनमें से 8 मामले कथित यौन शोषण या उत्पीड़न के हैं और 2 मामले धोखाधड़ी के हैं। खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। एक महिला ने आरोप लगाया था कि उसने तीन साल तक उसका बार-बार रेप किया।

**महिला की शिकायत पर नया केस**: शुक्रवार को एक और महिला की शिकायत पर नया मामला दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति से खराब संबंध और आर्थिक समस्याओं के कारण सलाह लेने खरात के पास गई थी। खरात ने उससे कहा कि समस्या का समाधान चाहिए तो उसकी हर बात माननी होगी। इसके बाद उसने मार्च 2022 से 2024 के बीच उसका यौन शोषण किया।

शुक्रवार को दर्ज दूसरा मामला नेवासा के कपड़ा व्यापारी राजेंद्र भगवत की शिकायत पर दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि व्यापार बढ़ाने के लिए वे रिश्तेदार की सलाह पर खरात से मिले थे। खरात ने उनसे एक सोने की अंगूठी और कुछ रत्न लेकर बदले में एक अंगूठी और रत्न पहनने के लिए दिए। भगवत के अनुसार, उन्होंने इसके लिए 2.62 लाख रुपए दिए, लेकिन बाद में पता चला कि दी गई अंगूठी और रत्न नकली थे और उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

पिछले पांच दिनों में जो शिकायतें मिली हैं, उनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। बहुत कम लोग लिखित शिकायत देने आगे आ रहे हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, खरात का हवाला रैकेट से भी जुड़ा होने का शक है।

## सीबीआई ने त्रिवेंद्रम के इंजीनियरिंग छात्र हत्या मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने त्रिवेंद्रम के इंजीनियरिंग छात्र श्यामल मंडल के अपहरण और हत्या मामले में लंबे समय से फरार घोषित आरोपित दुर्गा बहादुर भट छेत्री उर्फ दीपक को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 2005 से फरार था और अदालत ने उसे घोषित अपराधी करार दिया था।

सीबीआई ने इस मामले को 2008 में केरल उच्च न्यायालय के आदेश पर पुनः दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामला श्यामल मंडल के लापता होने, फिर उसके पिता को फिरौती कॉल आने और अंततः 23 अक्टूबर 2005 को थिरुवल्लम क्षेत्र में वेल्लार के पास उसका शव मिलने से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि हत्या दुर्गा बहादुर भट छेत्री और उसके सहयोगी मोहम्मद अली ने की थी।



सीबीआई ने दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मोहम्मद अली को 2022 में दोषी ठहराया गया, जबकि दुर्गा बहादुर भट छेत्री जांच के दौरान ही फरार हो गया था। लगातार प्रयासों के बाद सीबीआई को खुफिया जानकारी मिली और सत्यापन के बाद आरोपी को नागपुर से 27 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए खुद को सुराज बी भट के नाम से पेश किया, शादी की और नागपुर में बस गया। गिरफ्तार आरोपी को अब एर्नाकुलम की अधिकारिक अदालत में पेश किया जाएगा।

# चीन से व्यापारिक संबंध तोड़ने के लिए अमेरिका डाल रहा दबाव : उरुग्वे

**एजेंसी, मोंटेवीडियो**

दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे पर अमेरिका लगातार दबाव बना रहा है कि वह चीन के साथ अपने व्यापारिक संबंध खत्म करे। यह खुलासा उरुग्वे के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री गैब्रियल ओडोन ने एक निजी बैठक में किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त मंत्री ओडोन ने कहा कि अमेरिका का यह दबाव "अकल्पनीय" और "असहनीय" है, जो रोजाना अलग-अलग माध्यमों से डाला जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उरुग्वे वाशिंगटन की मांगों को नहीं मानता तो डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ उसके व्यापारिक संबंध और बिगड़ सकते हैं।

करीब 35 लाख की आबादी



वाले उरुग्वे के लिए चीन पिछले 14 वर्षों से सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। देश के कुल निर्यात का लगभग 26% चीन को जाता है, जिसमें बीफ़, सोयाबीन और सेल्युलोज़ जैसे प्रमुख उत्पाद शामिल हैं। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका और चीन के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। इसका असर उन देशों पर साफ दिख रहा है, जिनके व्यापारिक संबंध दोनों शक्तियों के साथ हैं।

घरेलू स्तर पर उरुग्वे की अर्थव्यवस्था भी दबाव में है। उरुग्वे का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2025 में 1.8% बढ़ा, जो 2.6% के आधिकारिक अनुमान से कम था। वहीं 2026 के लिए विकास दर का अनुमान घटकर करीब 1.6% रह गया है। मंत्री ओडोन ने इन चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था का बचाव करते हुए कहा कि कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बीच भी देश लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उरुग्वे अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए मुद्रा को कमजोर नहीं करेगा। इसके बजाय सरकार छोटे-छोटे आर्थिक सुधारों, लागत कम करने और विदेशी व्यापार को आसान बनाने पर ध्यान देगी।

फिलहाल, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती खींचतान अब छोटे देशों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। उरुग्वे जैसे देशों के सामने संतुलन बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है, जहां एक ओर आर्थिक हित हैं तो दूसरी ओर वैश्विक राजनीतिक दबाव।

## वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

**एजेंसी, भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 31 मार्च को "एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026" आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार 31 मार्च को उप्र के वाराणसी में आयोजित होने वाले "एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026" के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी, जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सक्रिय उपस्थिति इस आयोजन को नीति-निर्माण से आगे बढ़ाकर क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच विकास का एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा।

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां क्राउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना



लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का गहन अवलोकन किया जाएगा। यह भ्रमण केवल एक निरीक्षण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक शहरी नियोजन और तीर्थस्थल प्रबंधन के सफल मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करेगा। इस अनुभव के आधार पर मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास, सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थागत सुधार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा, जिससे तीर्थ पर्यटन को अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकेगा।

**ओडीओपी, जीआई और निर्यात योग्य उत्पादों को मिलेगा एकीकृत वैश्विक मंच**: उन्होंने बताया कि सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उत्तर प्रदेश की ओडीओपी पहल के अनुभवों और उसके आर्थिक प्रभावों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। इस मंच पर दोनों राज्यों के उत्पादों की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए उन्हें एक साझा ब्रांडिंग दृष्टिकोण के तहत प्रस्तुत करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा, जिससे निर्यात संवर्धन और मूल्य संवर्धन के नए अवसर विकसित होंगे।

**एमओयू से सुदृढ़ होगी व्यापार, निवेश और कौशल विकास की साझेदारी**: जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि सम्मेलन में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिनके माध्यम से व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी को औपचारिक रूप दिया जाएगा। यह समझौता केवल दस्तावेजी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू करते हुए उद्योगों, उद्यमियों और शिल्पकारों के लिए नए अवसर सृजित किए जाएंगे। ओडीओपी उत्पादों के आदान-प्रदान से स्थानीय उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने और उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन उद्योग जगत, निवेशकों, शिल्पकारों, कृषि एवं फूड उत्पादकों और नीति-निर्माताओं को एक व्यापक और समावेशी मंच प्रदान करेगा, जहां वे नीतिगत प्रोत्साहनों, अधोसंरचना विकास, लॉजिस्टिक सपोर्ट और निवेश अवसरों पर गहन चर्चा करेंगे।


## "मैं और मेरा" की भावना ही युद्धों का मूल कारण: मोहन भागवत

**एजेंसी, बेलगावी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया में होने वाले अधिकांश युद्धों की जड़ "मैं और मेरा" की भावना है। उन्होंने यह बात कर्नाटक के बेलगावी जिले के चिक्कोडी तालुका के यडूर गांव में आयोजित एक युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान मोहन भागवत ने वैश्विक हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि ईरान-इजराइल संघर्ष लंबे समय तक चल सकता है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष रूस-यूक्रेन युद्ध जितना पुराना नहीं है, लेकिन इसके दीर्घकालिक होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व की समस्याओं का समाधान "मानव धर्म" और हिंदू धर्म के मूल्यों में निहित है। भारत सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है और



वैश्विक शांति का संदेश दे रहा है।

हिंदू समाज की विविधता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पूजा-पद्धति, खान-पान और परंपराओं में भिन्नता होने के बावजूद समाज प्राचीन काल से एकजुट रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदू समाज में किसी को जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोई परंपरा नहीं रही है।

कार्यक्रम का आयोजन यडूर स्थित श्री काडदेवर मठ में किया गया, जहां श्रीशैल जगद्गुरु चन्नरामसिद्ध श्री के नेतृत्व में गौ-तुलाभार संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोहन भागवत ने गौ-पूजा कर गायों को चारा भी खिलाया। युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवा और स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शिमला में बांग्लादेशी किन्नर स्टूडेंट पर उगाही के आरोप

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक बांग्लादेशी किन्नर स्टूडेंट चर्चाओं का कारण बना हुआ है। कुछ लोग किन्नर से आशीर्वाद लेते हुए देखे जा सकते हैं। हिंदू रक्षा मंच ने शिमला पुलिस में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। किन्नर पर मंदिरों में जाकर पैसों की उगाही के आरोप लगे हैं।

शिमला पुलिस ने हिंदू रक्षा मंच की शिकायत के बाद जांच की तो मालूम पड़ा कि इस्लाम मोहम्मद शाहिदुल्ल (30) पुत्र मुहम्मद शरीफ अली, मूल निवासी राजशाही (बांग्लादेश) का रहने वाला है। वह स्टडी वीजा पर पढ़ाई के लिए शिमला आया है और शिमला की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से BJMC की पढ़ाई कर रहा है।

**शिमला की प्राइवेट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहा**: एसएसपी शिमला गौरव सिंह के अनुसार- पुलिस जांच में मालूम पड़ा कि उसका 2024 से 2028 तक का स्टडी वीजा है और वह अभी चौथे सेमेस्टर का स्टूडेंट है। उसके स्टडी वीजा, स्टे-वीजा, नेशनल आईडी कार्ड, यूनिवर्सिटी की फीस स्लिप, 10वीं व 12वीं कक्षा की मार्कशीट जैसे सभी दस्तावेज जांच में सही पाए गए।

**पुलिस जांच में सभी दस्तावेज सही पाए गए**: इस्लाम मोहम्मद शाहिदुल्ल ने पुलिस को बताया कि वह किन्नर समुदाय से संबंध रखता है और काली माता की पूजा करता है। इसी कारण वह कालीबाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर गया। उसने पुलिस को बताया कि उसने किसी से भी पैसे नहीं ऐंठे। यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से कुछ दे देता है तो वह मना नहीं करता।

## राजस्थान में बीजेपी को 87, कांग्रेस को 25 करोड़ डोनेशन, बिजनेस घरानों ने दिया 69 करोड़ का चंदा

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान में साल 2024-25 में राजनीतिक पार्टियों को कुल 112.97 करोड़ का चंदा मिला है। सबसे ज्यादा 87.51 करोड़ बीजेपी को और कांग्रेस को 25 करोड़ मिले हैं। चुनाव आयोग में राजनीतिक पार्टियों की तरफ से दिए गए चंदे के ब्यौरे पर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी को ही सबसे ज्यादा डोनेशन मिला है। बाकी पार्टियों को नाममात्र की रकम मिली है। आम आदमी पार्टी को 39 लाख और सीपीआई (एम) को 7 लाख रुपए मिले हैं।

**राजस्थान में 77.46% चंदा BJP को, कांग्रेस को 22.12%**: प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों को दिए गए चंदे में सबसे ज्यादा 77.46% रकम BJP के पास आया है। कांग्रेस को कुल 22.12% चंदा मिला है। बाकी पार्टियों




की इसमें 1 फीसदी की हिस्सेदारी भी नहीं है।

**बिजनेस घरानों ने दिया सबसे ज्यादा डोनेशन**: पार्टियों को चंदा देने में राजस्थान देश में 7वें नंबर पर है। राजस्थान में कॉर्पोरेट और बिजनेस घरानों ने पार्टियों को 69.271 करोड़ दिए हैं। व्यक्तिगत दानदाताओं की बात करें तो रकम करीब 43.70 करोड़ है।

**हिंदुस्तान जिंक ने बीजेपी को 15 करोड़, कांग्रेस को 10 करोड़ दिए**: हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने साल 2024-25 में बीजेपी को 15 करोड़ और कांग्रेस को 10 करोड़ का चंदा दिया। हिंदुस्तान जिंक कांग्रेस को सर्वाधिक चंदा देने वालों में शामिल है। हिंदुस्तान जिंक की पेरेंट ग्रुप की कंपनी वेदांता ने बीजेपी को 67 करोड़ रुपए दिए हैं।

**जोधपुर के सत्यनाराण धूत ने बीजेपी को 15 करोड़ दिए**: व्यक्तिगत कैटेगरी में राजस्थान से सबसे ज्यादा चंदा जोधपुर के सत्यनारायण धूत ने दिया है। सत्यनारायण धूत ने बीजेपी को 15 करोड़ चंदा दिया है। इसके बाद जोधपुर के संजय धूत ने बीजेपी को 7 करोड़ का चंदा दिया है। जोधपुर के ही अनिश धूत ने बीजेपी को 2 करोड़ और दिनेश धूत ने 1 करोड़ दिए हैं।

**वंडर सीमेंट ने 11 करोड़ दिए**: राजस्थान की कंपनियों में सबसे ज्यादा बीजेपी को हिंदुस्तान जिंक और श्री सीमेंट ने 15-15 करोड़ दिए हैं। वंडर सीमेंट ने 11 करोड़, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, उदयपुर ने 5 करोड़ और जोधपुर की श्रीराम इंडस्ट्रीज ने 3 करोड़ रुपए का चंदा दिया है।

# भारत सहित वैश्विक शेयर बाजारों व डॉलर के मुकाबले दुनियाँ की मुद्राओं में ऐतिहासिक भारी गिरावट से भारी खलबली मची-क्या दुनियाँ फिर एक आर्थिक तूफ़ान की ओर बढ़ रही है?- समग्र अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» मुद्रा बाजार और इक्विटी बाजार के बीच गहरा और जटिल संबंध है,जो निवेशकों के निर्णयों को सीधे प्रभावित करता है

» दुनियाँ में आर्थिक,राजनीतिक और ऊर्जा से जुड़े कई संकट एक साथ आए-शेयर बाज़ार की गिरावट इसक़ा व्यापक प्रतिबिंब -हर संकट के बाद शेयर बाजार ने वापसी की है, बस धैर्य, समझदारी और सही रणनीति की जरूरत है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र






**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर 27 मार्च 2026 का दिन भारतीय शेयर बाज़ार के इतिहास में एक और झटके के रूप में दर्ज हुआ, जब बीएसई सेंसेक्स लगभग 1700 अंकों की भारी गिरावट के साथ बंद हुआ और निफ़्टी 500 के साथ-साथ स्मॉल कैप इंडेक्स में भी 1.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बात केवल यही तक सीमित नहीं रही किसी दिन,जब भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.82 के स्तर तक गिरकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।यह गिरावट केवल एक मुद्रा की कमजोरी नहीं थी, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक तनाव, भू-राजनीतिक अस्थिरता और निवेशकों की बदलती मानसिकता का प्रतिबिंब भी थी। सुबह 94.18 पर खुलने वाला रुपया दिन के अंत तक और कमजोर होता गया,जो इस बात का संकेत है कि बाजार में नकारात्मक भावनाएं लगातार हावी रहीं। इस पूरे घटनाक्रम को यदि शेयर बाजार के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि मुद्रा बाजार और इक्विटी बाजार के बीच गहरा और जटिल संबंध है, जो निवेशकों के निर्णयों को सीधे प्रभावित करता है।यह केवल एक दिन की घटना नहीं,बल्कि पिछले कई सप्ताहों से जारी गिरावट की एक कड़ी है,जिसने निवेशकों के मन में गहरी चिंता पैदा कर दी है।इस गिरावट के पीछे केवल घरेलू कारण नहीं हैं,बल्कि वैश्विक स्तरपर उत्पन्न हो रहे संकट विशेषकर ऊर्जा संकट, भू- राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की निकासी ने मिलकर एक ऐसा माहौल तैयार कर दिया है, जो किसी बड़े आर्थिक तूफ़ान की आहट देता है। सवाल यह उठता है कि क्या यह स्थिति फिर से कोविड -19 जैसे वैश्विक संकट की ओर संकेत कर रही है, या यह केवल डर और अफवाहों का परिणाम है ?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र पूरे सप्ताह भर शेयर मार्केट पर नजर रखा और उसका विश्लेषण करते रहा और आज यह अंतिम विश्लेषण निकलाहूं क़ि भारतीय शेयर बाज़ार में हालिया गिरावट के कई प्रमुख कारण हैं। सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण है विदेशी संस्थागत निवेशकों का लगातार पैसा निकालना। जब बड़े विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकालते हैं,तो इससे बाजार में तरलता कम हो जाती है और कीमतों में तेज गिरावट आती है।इसके साथ ही घरेलू संस्थागत निवेशकों की सीमित क्षमता भी इस गिरावट को रोकने में असमर्थ दिखाई दे रही है। छोटे निवेशकों में डर का माहौल बनता जा रहा है, जिससे वे भी तेजी से अपने निवेश निकालने लगते हैं,और यह एक डोमिनो प्रभाव उत्पन्न करता है। मेरा है व्यक्तिगत मत है कि शेयर बाजार में जो भारी अनिश्चितता और उथल-पुथल मची हुई है वह सीधे-सीधे ईरान इजरायल अमेरिका महायुद्ध में ट्रंप द्वारा दिए गए बयानों के अनुसार अप डाउन हो रहा है जो मैंने पूरे सप्ताह में रेखांकित किया हूं इन सबकी चर्चा हम नीचे सटीकता से पैराग्राफ वॉइस करेंगे। साथियों बात अगर हम रुपये की गिरावट के पीछे सबसे प्रमुख कारणों में से एक पश्चिमी एशिया में बढ़ता तनाव था, इसको समझने की करें तो इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता का सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है, और भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए यह एक बड़ी चिंता का विषय है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से भारत का आयात बिल बढ़ जाता है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता है और रुपये पर दबाव पड़ता है। जब निवेशक यह देखते हैं कि किसी देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है,तो वे उस देश के बाजार से दूरी बनाने लगते हैं। यही कारण है कि शेयर बाजार में बिकवाली तेज हो जाती है और सूचकांक गिरने लगते हैं।विदेशी निवेशकों की बिकवाली का एक और महत्वपूर्ण कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती और डॉलर की मजबूती है। जब अमेरिकी डॉलर मजबूत होता है, तो वैश्विक निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए अमेरिका की ओर रुख करते हैं। इससे उभरते बाजारों जैसे भारत से पूंजी का बहिर्वाह होता है।इस प्रक्रिया को फ्लाइट टू सेफ्टी कहा जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि भारतीय शेयर बाजार में निवेश कम हो जाता है और बाजार में गिरावट आती है।इसके अलावा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि भी निवेशकों को आकर्षित करती है, जिससे वे जोखिम भरे बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों में निवेश करने लगते हैं।रुपये की गिरावट का प्रभाव विभिन्न सेक्टरों पर अलग-अलग तरीके से पड़ता है। उदाहरण के लिए, आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-उन्मुख सेक्टरों को इससे लाभ होता है, क्योंकि उन्हें डॉलर में भुगतान मिलता है। जब रुपया कमजोर होता है, तो उनकी आय बढ़ जाती है। इसके विपरीत, ऑटोमोबाइल, एविएशन और तेल-आधारित उद्योगों को नुकसान होता है, क्योंकि उनके लिए आयात महंगा हो जाता है। शेयर बाजार में इन सेक्टरों के प्रदर्शन में स्पष्ट अंतर देखने को मिलता है, जो निवेशकों के लिए रणनीतिक निर्णय लेने का आधार बनता है। साथियों बात अगर हम वैश्विक शेयर बाज़ारों की स्थिति एक तुलनात्मक दृष्टि को समझने की करें तो भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई बड़े शेयर बाज़ार इस समय दबाव में हैं।डोव जोनस इंडस्ट्रियल एवरेज में लगातार गिरावट देखी जा रही है,नासडाक कम्पोजिट टेक कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन से प्रभावित है,एफटीएसई 100 भी ऊर्जा संकट और महंगाई से जूझ रहा है,इन सभी बाज़ारों में एक समान पैटर्न दिखाई देता है,निवेशकों का विश्वास कम होना,जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और सुरक्षित सटीक निवेश विकल्पों की ओर झुकाव। साथियों बात अगर हम,विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निकासी निकासीःभारतीय बाजार के लिए सबसे बड़ा खतरा इसको समझने की करें तो,विदेशी निवेशकों की निकासी भारतीय शेयर बाज़ार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है।जब फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बाजार से पैसा निकालते हैं, तो इससे रुपये पर दबाव पड़ता है,जिससे इंडियन रुपया कमजोर होता है।रुपये की कमजोरी से आयात महंगा होता है, जिससे महंगाई बढ़ती है और अंततः इसका असर आम जनता और कंपनियों दोनों पर सटीक रूप से पड़ता है। साथियों बात अगर हम छोटे निवेशकों पर प्रभावः भय और भ्रम का माहौल को समझने की करें तो,शेयर बाज़ार की गिरावट का सबसे अधिक असर छोटे निवेशकों पर पड़ता है।वे अक्सर डर के कारण गलत समय पर अपने शेयर बेच देते हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान होता है। सोशल मीडिया और अफवाहों के कारण यह डर और भी बढ़ जाता है।इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता है सही जानकारी और धैर्य की, क्योंकि बाजार का स्वभाव ही उतार-चढ़ाव वाला होता है।वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्यादुनियाँ एक नई आर्थिक मंदी की ओर बढ़ रही है।हालांकि अभी इसे पूर्ण रूप से मंदी कहना जल्दबाजी होगी,लेकिन कई संकेत ऐसे हैं जो चिंता बढ़ाते हैंः(1) बढ़ती महंगाई (2) घटती आर्थिक वृद्धि (3) ऊर्जा संकट (4) निवेश में कमी,ये सभी कारक मिलकर एक स्टैगफ्लेशन जैसी भयंकर स्थिति पैदा कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम भारत की स्थितिः चुनौतियां और अवसर को समझने की करें तो,भारत के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन पूरी तरह नकारात्मक नहीं है।भारत की मजबूत घरेलू मांग,डिजिटल अर्थव्यवस्था और सरकारी सुधार इसे अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखते हैं।फिर भी, वैश्विक संकट का असर भारत पर भी पड़ेगा,और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।इस अस्थिर समय में निवेशकों को घबराने के बजाय सोच-समझकर निर्णय लेने चाहिए।(1)लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें (2) विविधीकरण अपनाएं (3) अफवाहों से बचें (4) मजबूत कंपनियों में निवेश करें (5) यह समय जोखिम लेने का नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति अपनाने का है।यह कहना गलत होगा कि वर्तमान स्थिति केवल अफवाह है। वास्तव में कई ठोस कारण हैं जो इस गिरावट के पीछे हैं।हालांकि, यह भी सच है कि डर और अफवाहें इस स्थिति को और खराब बना देती हैं।इसलिए जरूरी है कि हम तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित निर्णय लें। साथियों बात अगर हम वैश्विक ऊर्जा संकटः आर्थिक अस्थिरता की जड़ वह शेयर मार्केट में अस्थिरता क़ो समझने की करें तो,आज दुनियाँ एक गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रही है।तेल और गैस की आपूर्ति में बाधाएं,विशेषकर मध्य पूर्व में तनाव,ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है।ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि से उत्पादन लागत बढ़ती है, जिससे कंपनियों के मुनाफे पर सीधा असर पड़ता है। जब कंपनियों का लाभ घटता है,तो उनके शेयरों की कीमत भी गिरती है। यही कारण है कि ऊर्जा संकट का सीधा प्रभाव वैश्विक शेयर बाज़ारों पर देखा जा रहा है। यह स्थिति 1973 ऑइल क्राइसिस की याद दिलाती है,जब तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि ने पूरी दुनियाँ की अर्थव्यवस्था को हिला दिया था। साथियों बात अगर हम क्या संभावित लॉकडाउन की आशंका वास्तविक है? वह शेयर मार्केट पर इसका क्या असर पड़ेगा इसको समझने की करें तो हाल के दिनों में कुछ देशों में ऊर्जा बचाने के लिए सीमित कार्यदिवस, वर्क फ्रॉम होम और सार्वजनिक संस्थानों को बंद करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। इससे लोगों के मन में यह डर पैदा हो गया है कि कहीं दुनिया फिर से लॉकडाउन की ओर तो नहीं बढ़ रही।हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि वर्तमान स्थिति कोविड -19 जैसी स्वास्थ्य आपदा नहीं है। यह एक आर्थिक और ऊर्जा आधारित संकट है।फिर भी, यदि ऊर्जा की कमी बढ़ती है और सरकारें कठोर कदम उठाती हैं, तो इसका प्रभाव आर्थिक गतिविधियों पर पड़ेगा, जो अप्रत्यक्ष रूप से लॉकडाउन जैसे हालात पैदा कर सकता है। जिससे स्वाभाविक रूप से शेयर मार्केट और गिरता चला जाएगा जिसके लिए निवेशकों को तैयार रहना होगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अनिश्चितता का दौर,लेकिन अवसर भी मौजूद आज दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां आर्थिक, राजनीतिक और ऊर्जा से जुड़े कई संकट एक साथ सामने आ रहे हैं।शेयर बाज़ार की गिरावट इस व्यापक संकट का एक प्रतिबिंब है।हालांकि स्थिति गंभीर है, लेकिन यह अंत नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर संकट के बाद बाजार ने वापसी की है।जरूरत है धैर्य,समझदारी और सही रणनीति की।दुनियाँ शायद कोविड -19 जैसे दौर की ओर नहीं बढ़ रही, लेकिन यह निश्चित है कि हम एक नए आर्थिक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां चुनौतियां भी बड़ी हैं और अवसर भी।

**-संकलनकर्ता लेखक**
**- क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)**
**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

## मध्य पूर्व तनाव का असर, लेकिन भारत तैयारः संसाधनों का संयमित उपयोग अनिवार्य



लेखक-सुनील कुमार महला

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विश्व के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे ऊर्जा संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। ऐसे समय में यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, असीमित नहीं। इसलिए उनका उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें अनावश्यक रूप से बर्बाद करने का अधिकार किसी को नहीं है। इसी संदर्भ में भारत सरकार ने 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक और दुष्प्रचारपूर्ण खबरों पर ध्यान न दें, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल भय और घबराहट पैदा करना है।पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें वर्तमान में लगभग 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस भंडार में कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा भूमिगत रणनीतिक भंडारण शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मध्य-पूर्व संकट के 27वें दिन तक देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार के अनुसार, हर नागरिक के लिए लगभग दो महीने तक निरंतर ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद पहले से ही सुनिश्चित कर ली है। इतना ही नहीं, मीडिया के हवाले से यह भी खबरें आईं हैं कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल पर 10 की कटौती की गई है, इससे फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों और आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए कर दिया गया है तथा डीजल पर यह ड्यूटी पूरी तरह खत्म यानी जीरो कर दी गई है। बहरहाल, जहां कुछ देशों में ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग और पेट्रोल पंपों के बंद होने जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, वहीं भारत में ऐसी कोई स्थिति नहीं है और किसी आपातकालीन कदम की आवश्यकता भी नहीं पड़ी है।बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि संकट की इस घड़ी में समाज की वास्तविक परीक्षा एकजुटता और जिम्मेदारी में निहित होती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कोई बड़ा संकट आता है-चाहे वह महामारी हो, प्राकृतिक आपदा या आर्थिक मंदी-तब केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि प्रशासन और व्यापारिक वर्ग की जिम्मेदारी भी कई गुना बढ़ जाती है। दुर्भाग्यवश, ऐसे समय में कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जैसी प्रवृत्तियां भी उभरती हैं, जो कृत्रिम कमी पैदा कर आम लोगों की कठिनाइयों को और बढ़ा देती हैं। वास्तव में,कालाबाजारी और मुनाफाखोरी समाज की आर्थिक व्यवस्था को भीतर से खोखला कर देती हैं।यह न केवल आम जनता की जेब पर बोझ डालती है, बल्कि विश्वास की नींव को भी कमजोर करती है। आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाना नैतिक और कानूनी दोनों रूप से गलत है।सच तो यह है कि ऐसे समय में गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में सरकार को सख्त कानून और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू करनी चाहिए। साथ ही, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई से ही इसका सही समाधान संभव है। जनता को भी जागरूक रहकर ऐसे कृत्यों का विरोध करना चाहिए।ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ व्यापार करना ही स्वस्थ समाज की पहचान है।वास्तव में, हमें यह समझना होगा कि वास्तविक शक्ति संसाधनों को जमा करने में नहीं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक सही तरीके से पहुंचाने में है।

## वैश्विक ऊर्जा संकट बनाम लॉकडाउन की आशंका?



लेखक-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर कोविड -19 महामारी ने दुनियाँ को जिस तरह से झकझोर कर रख दिया था,उसकी स्मृतियाँ आज भी लोगों के मन में ताज़ा हैं। 2020-21 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन,आर्थिक गतिविधियों का ठप होना,सड़कों पर सन्नाटा और अनिश्चित भविष्य ये सब अनुभव आज भी समाज की सामूहिक चेतना में गहराई से बसे हुए हैं।ऐसे में जब 2026 में ऊर्जा संकट, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और सरकारों की लगातार बैठकों की खबरें सामने आती हैं,तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में यह सवाल उठता है,क्या दुनियाँ एक बार फिर लॉकडाउन की ओर बढ़ रही है? क्या यह एक नए प्रकार का ऊर्जा लॉकडाउन होगा? या यह केवल अफवाहों औरसोशल मीडिया की उपज है?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं क़ि इस बार संकट का कारण कोई वायरस नहीं,बल्कि ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अनिश्चितताएँ हैं।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका ने कई देशों को सतर्क कर दिया है। कुछ देशों में बिजली की खपत कम करने के लिए स्कूल-कॉलेजों को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है,सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में केवल चार दिन काम का मॉडल अपनाया जा रहा है, और वर्क फ्रॉम होम को फिर से प्रोत्साहित किया जा रहा है।यह स्थिति भले ही कोविड जैसी स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है, लेकिन इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव उतने ही गहरे हो सकते हैं।श्रीलंका जैसे देशों में पहले से ही ऊर्जा संकट के कारण सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि ऊर्जा संकट केवल आर्थिक समस्या नहीं है,बल्कि यह सामाजिक स्थिरता और नागरिक जीवन को भी सीधे प्रभावित करता है।भारत की स्थिति की व्याख्या हम,सतर्कता लेकिन घबराहट नहीं के रूप में कर सकते हैं,भारत भी इस वैश्विक संकट को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है। पीएम ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 26 मार्च 2026 को शाम साढ़े छह बजे बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है।इन बैठकों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में तेल,गैस और अन्य आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के पास लगभग 60 दिनों का ईंधन भंडार उपलब्ध है, जो तत्काल किसी बड़े संकट की संभावना को कम करता है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में किसी प्रकार का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है।वित्त मंत्री संसदीय कार्य मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री ने संयुक्त रूप से बयान देकर इन अफवाहों को खारिज किया है। भारत में लॉकडाउन के संदेह का जन्म संसद में पीएम के बयान की गलत व्याख्या,अफवाहों के कारण कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग की स्थिति उत्पन्न हुई, इंडियन ऑइल कारपोरेशन और भारत पेट्रोलियम ने सफाई दी हैसरकार का स्पष्ट संदेश है क़ि देश में पर्याप्त फ्यूल स्टॉक मौजूद है। लॉकडाउन और फ्यूल क्राइसिस की खबरें पूरी तरह भ्रामक है सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारी से सतर्क रहने की अपील की गई है। 27 मार्च 2026 को भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में लॉकडाउन की कोई योजना नहीं है और ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीयमंत्री ने सोशल मीडिया पर चल रही लॉकडाउन की खबरों को पूरी तरह गलत और हानिकारक बताया है। लोग घबराएं नहीं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें, क्योंकि ईंधन और जरूरी वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है। साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया और अफवाहों का तंत्रः डर का नया स्रोत इसको समझने की करें तो आज के डिजिटल युग में सूचना जितनी तेजी से फैलती है,उतनी ही तेजी से भ्रम और अफवाहें भी फैलती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऊर्जा लॉकडाउन और देशव्यापी बंदी जैसे शब्द ट्रेंड करने लगे,जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया।पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगने लगीं,गैस सिलेंडर और आवश्यक वस्तुओं की खरीद अचानक बढ़ गई।यह स्थिति बताती है कि संकट केवल वास्तविक नहीं होता, बल्कि उसकी धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि कोई बड़ा संकट आने वाला है,तो उनका व्यवहार भी उसी अनुसार बदल जाता है,चाहे वास्तविक स्थिति उतनी गंभीर न हो।

साथियों बात अगर हम भारत की रणनीतिः संतुलन और स्थिरता को समझने की करें तो भारत ने पिछले कुछवर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में विविधीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा पर बढ़ता जोर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, और आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण ये सभी कदम भारत को इस प्रकार के संकटों से निपटने में सक्षम बनाते हैं।सरकार का वर्तमान फोकस स्पष्ट हैःआपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखना,कीमतों को नियंत्रित रखना,जनता में घबराहट को रोकना,जनता की भूमिका-संयम और जागरूकता- किसी भी संकट के दौरान सरकार की नीतियों के साथ-साथ जनता का व्यवहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि लोग अफवाहों पर विश्वास करके अनावश्यक खरीददारी करते हैं, तो इससे कृत्रिम संकट उत्पन्न हो सकता है।इसलिए यह आवश्यक है कि लोग केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें और किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें। साथियों बात अगर हम राजनीतिक बयानबाज़ी और उसक़े प्रभाव को समझने की करें तो,इस पूरे घटनाक्रम में राजनीतिक बयानबाज़ी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक बार फिर लॉकडाउन लगा सकती है और लोगों को घरों में कैद कर सकती है।उन्होंने 2021 के लॉकडाउन और चुनावों का उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी।हालांकि, ऐसे बयान अक्सर राजनीतिक दृष्टिकोण से दिए जाते हैं,लेकिन इनका असर आमजनता पर गहरा पड़ता है। जब एक वरिष्ठ नेता इस तरह की आशंका व्यक्त करता है, तो लोगों के मन में अनिश्चितता और भय और अधिक बढ़ जाता है। साथियों बात अगर हम पीएम के संसद में बयान और उसक़े गलत अर्थ को समझने की करें तो,सोशल मीडिया पर यह दावा भी किया गया कि पीएम ने संसद में अपने संबोधन के दौरान लॉकडाउन का संकेत दिया था।लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्होंने केवल कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए यह कहा था कि हमें हर प्रकार की चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए। इस बयान को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई।यह घटना यह दर्शाती है कि किस तरह आधी-अधूरी जानकारी या संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किए गए बयान बड़े पैमाने पर सटीक रूप से गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम,क्या वैश्विक स्तरपर ऊर्जा लॉकडाउन संभव है? इसको समझने की करें तो,ऊर्जा लॉकडाउन का विचार नया है, लेकिन पूरी तरह असंभव नहीं। यदि ऊर्जाआपूर्ति में भारी कमी आती है,तो सरकारें बिजली और ईंधन की खपत को नियंत्रित करने के लिए कुछ प्रतिबंधात्मक उपाय लागू कर सकती हैं।हालांकि, यह कोविड-19 जैसे पूर्ण लॉकडाउन से अलग होगा।

## मोदी युग है यह, पिछड़ गये ट्रंप



लेखक-बी पी गौतम

नरेंद्र मोदी की भारत ही नहीं बल्कि, वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता बरकरार है, उन्हें संपूर्ण धरती पर पसंद किया जाता है। लोकप्रियता के मामले में नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को पुनः पछाड़ दिया है। भारत को चौथी अर्थ व्यवस्था बनाने का रिकॉर्ड हो या, भाजपा को अजेय बनाने का, वे हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। दुनिया के कई क्षेत्र युद्ध से ग्रस्त हैं, ऐसे भयावह वातावरण में भी अधिकांश देशों के साथ भारत और नरेंद्र मोदी की मित्रता की प्रगाढ़ता में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिका, इस्राइल और ईरान युद्ध में फंसे हुये हैं। डोनाल्ड ट्रंप की पहल के बावजूद आहत ईरान युद्ध रोकने को तैयार नहीं है लेकिन, ईरान का मानना है कि नरेंद्र मोदी शांति बहाल कराने में सक्षम हैं। नरेंद्र मोदी विश्व भर के नेताओं के संपर्क में हैं और उनसे लगातार वार्ता भी कर रहे हैं, इसी विषय पर प्रकाश डाल रहे हैं बीपी गौतम...

**विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं नरेंद्र मोदी**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता बनकर उभरे हैं। अमेरिकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के ताजा सर्वे के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 68 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग मिली है, जो उन्हें दुनिया के शीर्ष नेताओं में पहले स्थान पर बनाये रखती है। मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा 2 से 8 मार्च के बीच किये गये सर्वे में पीएम नरेंद्र मोदी अपने वैश्विक समकक्षों से काफी आगे दिखाई दे रहे हैं, वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सूची के टॉप-10 में भी स्थान नहीं बना पा सके हैं, उन्हें मात्र 39 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। पीएम नरेंद्र मोदी के बाद दूसरे स्थान पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पारमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग रहे, जिन्हें 62-62 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग प्राप्त हुई है। सूची में तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमशः चेक गणराज्य और अर्जेंटीना के नेता रहे, जिन्हें 57 और 56 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग मिली है, अन्य वैश्विक नेताओं की बात करें तो, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर को 24 प्रतिशत और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को मात्र 17 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है, जिससे वे काफी पीछे दिखाई दे रहे हैं।

**सरकार का नेतृत्व करने का रिकॉर्ड बना**-भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है, वे देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गये हैं। रविवार 22 मार्च 2026 को नरेंद्र मोदी कुल मिलाकर 8931 दिन तक अलग-अलग सरकारों के प्रमुख रह चुके हैं, जिससे वे अब भारत के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन चुके हैं, इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो कि 8930 दिन तक सिक्किम में सरकार के प्रमुख रहे थे। नरेंद्र मोदी ने 15 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाया था और अब लगातार लगभग 12 वर्षों से प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं, इन दोनों को मिला कर वे भारत में किसी भी चुनी हुई सरकार के सबसे लंबे समय तक प्रमुख रहने वाले पहले नेता बन गये हैं लेकिन, मुख्यमंत्री पद की ही बात करें तो, यह रिकॉर्ड अभी भी पवन कुमार चामलिंग (सिक्किम, 24 वर्ष 165 दिन) और नवीन पटनायक (ओडिशा, 24 वर्ष 99 दिन) के नाम पर दर्ज है। नरेंद्र मोदी का गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 12 वर्ष, 227 दिन का रहा था।

**मुख्यमंत्री पद पर रिकॉर्ड बनाया**-नरेंद्र मोदी ने 7 अक्तूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली थी, उन्होंने भूकंप के बाद की चुनौतियों और राजनीतिक अस्थिरता के बीच केशुभाई पटेल का स्थान लिया था, इसके बाद उन्होंने 2002, 2007 और 2012 में लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीतकर गुजरात के सबसे लंबे समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री का रिकॉर्ड बनाया, साथ ही उनका गुजरात मॉडल देश भर में लोकप्रिय लोकप्रिय हुआ।

**भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने का रिकॉर्ड बना**-नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी, उनके नेतृत्व में भाजपा ने तीन दशकों में पहली बार पूर्ण बहुमत (282 सीटें) प्राप्त किया, जिससे गठबंधन की राजनीति का युग समाप्त हुआ।

**मोदी ने नेहरू की बराबरी की**-नरेंद्र मोदी ने 2019 में 303 सीटें जीतकर अपनी स्थिति और मजबूत की। 2024 में भले ही 240 सांसद जीते लेकिन, सत्ता पर पकड़ कमजोर नहीं हुई, आज भी नरेंद्र मोदी सशक्त प्रधानमंत्री हैं, साथ ही जवाहरलाल नेहरू के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं, जिन्होंने लगातार तीन कार्यकाल प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण की है।

# धोनी 2 हफ्ते आईपीएल से बाहर रह सकते हैं

## ● मांसपेशियों में खिंचाव, सीएसके ने पोस्ट में जानकारी दी

**चेन्नई (एजेंसी)।** एमएस धोनी आईपीएल 2026 के शुरुआती दो हफ्ते बाहर रह सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान इस समय मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैब से गुजर रहे हैं। सीएसके की ओर से एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्हें काफ स्ट्रेन, यानी पिंडली में खिंचाव है।



### 3 मैचों से हो सकते हैं बाहर

अगर धोनी पूरे 2 हफ्ते यानि 14 दिन तक बाहर रहते हैं तो वो कम से कम 3 मैच नहीं खेल पाएंगे। सीएसके का पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है। इसके बाद उसका अगला मैच 3 अप्रैल को चेन्नई में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। टीम अपना तीसरा मैच 5 अप्रैल को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसके ही घर में खेलेगी, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। धोनी इन तीनों ही मैच से बाहर रह सकते हैं। उनकी वापसी 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हो सकती है।

### 44 साल के धोनी आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

धोनी फिलहाल 44 साल के हैं। वे आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही चेन्नई की कप्तानी करनी पड़ी। उन्होंने टीम को 4 में से 3 मैचों में जीत दिलाई थी।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच धोनी के नाम–** आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वे अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

### आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान

धोनी आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी की है। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 136 मैचों में जीत दिला चुके हैं, जबकि 97 में टीम को हार मिली। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है और 87 मैच जीते हैं।

### 2023 में आईपीएल फाइनल के बाद हुई थी घुटने की सर्जरी

धोनी ने आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी कराई थी। धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था।

### धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें

धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से साल 2020 में संन्यास ले चुके हैं। उनके आईपीएल रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2026 धोनी का आखिरी साल होगा।

# जसप्रीत बुमराह मुंबई टीम से जुड़े

## पांच दिनों से बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में थे, केकेआर के खिलाफ पहला मैच खेल सकते हैं



**मुंबई (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। खबरों के मुताबिक, वे शुक्रवार शाम टीम होटल पहुंचे। बुमराह रविवार को मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेल सकते हैं। बुमराह पिछले पांच दिनों से बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में थे और अपने फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर काम कर रहे थे।

### टीम के दूसरे टॉप विकेट टेकर

बुमराह ने 2013 में मुंबई के लिए डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे अहम गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 148 मैचों में 186 विकेट लिए हैं। वे मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 की खिताबी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है। पिछले सीजन शुरुआती 4 मैचों में नहीं खेले थे बुमराह पिछले सीजन में शुरुआती चार मैच नहीं खेल पाए थे। टीम उन मुकाबलों में से तीन हार गई थी।

# बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण हो सकता है

## ● प्रसारण मंत्री बोले- देश में ब्रॉडकास्ट पर कोई रोक नहीं

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने आईपीएल 2026 के प्रसारण को लेकर अपने रुख में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि अब देश में आईपीएल के मैचों के प्रसारण की अनुमति दी जा सकती है।

दरअसल, इससे पहले प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। यह फैसला तब लिया गया था जब तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम से बाहर किए जाने को लेकर विवाद हुआ था, जिससे देश में नाराजगी बढ़ गई थी।

### सरकार करेगी समीक्षा

बांग्लादेश के नए सूचना एवं प्रसारण मंत्री जाहिर उद्दीन स्वपन ने कहा कि उनके देश (बांग्लादेश) में आईपीएल के प्रसारण पर कोई रोक नहीं है। इससे पहले, युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री अमीनुल हक ने क्रिकबज से बातचीत मे कहा था कि पिछली अंतरिम सरकार द्वारा आईपीएल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वे इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे।

# इंदौर में होगा मुकाबला

### 11 अक्टूबर को भारत-वेस्टइंडीज के बीच टी-20

#### सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 11 अक्टूबर को सीरीज का तीसरा मैच



**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के होल्कर स्टेडियम को एक और मैच की मेजबानी मिली है। 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 मैच खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के 2026-27 के घरेलू इंटरनेशनल सीजन का शेड्यूल जारी किया।

आगामी घरेलू सीजन में रोमांचक और एक्शन से भरपूर मुकाबले देखने को मिलेंगे। चार मेहमान टीमें वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया मल्टी फॉर्मेट क्रिकेट खेलने के लिए भारत आएंगी। इस सीजन में 17 शहरों में 22 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। सीजन की शुरुआत वेस्टइंडीज के भारत दौरे से होगी। इस दौरे की शुरुआत 27 सितंबर 2026 से होगी। इस दौरान भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज और उसके बाद पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वनडे मैच तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। टी-20 मैच लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में होंगे।

### होलकर स्टेडियम में अब तक 4 टी-20 मैच खेले गए

● **पहला मैच–** 2017 में श्रीलंका को 88 रनों से हराया। ● **दूसरा मैच–** 2020 में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया। ● **तीसरा मैच–** दक्षिण अफ्रीका ने 49 रन से भारत को हराया। ● **चौथा मैच–** भारत ने 6 विकेट से अफगानिस्तान को हराया।

# मानसिक मजबूती की मदद से जीती प्लेयर्स चैम्पियनशिप

## ● अमेरिकी गोल्फर ने नंबर-2 से नंबर-1 बनने के लिए माइंडसेट में किया बदलाव, मूलमंत्र- वर्तमान में जियो

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** गोल्फ की दुनिया में अक्सर प्रतिभा से ज्यादा मानसिक मजबूती मायने रखती है। इस बात को गोल्फर कैमरन यंग ने हाल ही में 'द प्लेयर्स चैम्पियनशिप' जीतकर सच साबित किया है। इस जीत से यंग वर्ल्ड गोल्फ रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।




हालांकि यह सफलता उन्हें रातों-रात नहीं मिली। पीजीए टूर में अक्सर खिताब के करीब पहुंचकर पिछड़ने वाले यंग के लिए यह एक बड़े मानसिक बदलाव का नतीजा है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले यंग के मन में विचार आया कि क्या होगा अगर मैं यह खिताब जीत लूं, लेकिन उन्होंने अगले ही पल यह विचार दिमाग से निकाल दिया। उन्हें एहसास हुआ कि यदि पूरा ध्यान सिर्फ ट्रॉफी जीतने पर रहेगा, तो वे मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे।

पिछले एक साल से यंग स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. ब्रेट मैककेबे के साथ मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। यंग बताते हैं कि पहले बड़े टूर्नामेंट के दौरान वे नकारात्मक सोचने लगते थे। उनका ध्यान नतीजों पर टिका होता था और वे हमेशा घबराए रहते थे कि उन्हें टॉप-5 में जगह बनानी है। करियर के शुरुआती दौर में वे लीडरबोर्ड के टॉप पर जगह बना लेते थे, लेकिन ऐन मौके पर चूक जाते थे।

इसकी वजह प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि भटकता हुआ दिमाग था। जब परिस्थितियां योजना के मुताबिक नहीं होती थीं, तो वे खुद पर नियंत्रण खो बैठते थे। डॉ. मैककेबे के साथ काम करके यंग ने नतीजों के बजाय प्रक्रिया और छोटे कदमों पर ध्यान लगाना सीख लिया है। इसका सबसे बड़ा असर पिछले साल क्वेल हॉलो क्लब की पीजीए चैम्पियनशिप में दिखा।

उस समय यंग बीमार थे और 30वें नंबर पर संघर्ष कर रहे थे। थकान से गलतियां हो रही थीं। उन्हें वापसी करना नामुमकिन लग रहा था। तभी उन्हें मनोवैज्ञानिक की बात याद आई कि परिस्थितियां कैसी भी हों, अपना शॉट खेलना ही है।

## व्यापार

### इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट में बदलाव

# एसबीआई के पूर्व एमडी बने पार्ट-टाइम चेयरमैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बसु के पास बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर का अनुभव है। इंडसइंड बैंक में अपनी नियुक्ति से पहले बसु ने एचडीएफसी बैंक की नॉन-बैंक लेंडिंग शाखा, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर काम किया था। प्राइवेट सेक्टर के दिग्गज इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट में एक बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल, पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अरिजीत बसु को शेयरहोल्डर्स की मंजूरी के बाद इंडसइंड बैंक का पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त किया गया है। बसु के पास बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर का अनुभव है। इंडसइंड बैंक में अपनी नियुक्ति से पहले बसु ने एचडीएफसी बैंक की नॉन-बैंक लेंडिंग शाखा, फाइनेंशियल सर्विसेज के बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर काम किया था। बसु का एसबीआई के साथ एक शानदार करियर रहा है। मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर रिटायर हुए थे। इससे पहले, अरिजीत बसु ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के तौर पर भी काम किया था। वर्तमान में वे हॉस्पिटैक्स एंड हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के अलावा क्लीनमैक्स एनर्जी के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं।




### इंडसइंड बैंक ने शुरू की कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम

इस बीच, बीते गुरुवार को ही इंडसइंड बैंक ने कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम की शुरुआत की, जिसके तहत ग्राहक री–इन्वेस्टमेंट तक कैपिटल गेन अकाउंट को जमा रख सकते हैं और इस दौरान आयकर कानून के तहत टैक्स छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना पूंजीगत लाभ को री–इन्वेस्टमेंट तक सुरक्षित और नियमों के अनुरूप रखने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे ग्राहक निर्धारित वैधानिक समय सीमा के भीतर सोच–समझकर उस पूंजी को दोबारा निवेश करने के बारे में निर्णय ले सकेंगे। बता दें कि यह योजना केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से अनुमति मिलने के बाद पेश की गई है। बोर्ड ने इंडसइंड बैंक को पूंजीगत लाभ योजना, 1988 के अंतर्गत जमा स्वीकार करने की अनुमति दी है। कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम के तहत इंडसइंड बैंक दो प्रकार के खाते प्रदान करता है – बचत खाता और सावधि जमा खाता। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार, खाते का चयन कर सकते हैं।

### एलपीजी सिलेंडर नई कीमतें जारी, आपके शहर में क्या है रेट, क्या फिर से बढ़ गए दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इसी महीने की शुरुआत में इजाफा किया गया था। तब 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा किया गया था। वहीं, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का भाव तब 144 रुपये बढ़ा दिया गया था। युद्ध की वजह से भारत को एलपीजी इंपोर्ट करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। भारत 60 प्रतिशत एलपीजी खाड़ी के देशों से मंगाता है। लेकिन युद्ध ने इस रास्ते को प्रभावित कर दिया है। जिसकी वजह से देश के सामने नया संकट खड़ा हो गया है। आइए जानते हैं कि मौजूदा स्थितियों में क्या एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव हुआ है या नहीं आपके शहर में क्या रेट है केंद्र सराकर ने साफ किया कि उनके पास पेट्रोल और डीजल की 60 दिन की स्टोरेज है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी देश में नहीं है। ऐसे में किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। पिछले दिनों एक बार फिर से राज्यों का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। केंद्र सरकार की तरफ से पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इसी महीने की शुरुआत में इजाफा किया गया था। तब 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा किया गया था। वहीं, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का भाव तब 144 रुपये बढ़ा दिया गया था। इसके बाद से आजतक कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। पिछले कुछ दिनों से एलपीजी सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में भी गिरावट आई है। जिसकी वजह से अब गैस एजेंसियों के सामने कम भीड़ लग रही है।

### भारतीय निवेशकों को बहुत महंगा पड़ रहा ईरान युद्ध, एक महीने में गंवा चुके हैं 41 लाख करोड़ रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध को एक महीना हो चुका है और इस दौरान भारतीय निवेशकों को भारी चपत लगी है। 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका/इजरायल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से सेंसेक्स में 7,700 अंक से अधिक यानी करीब 9.5 फीसदी गिरावट आई है। इससे निवेशकों को 41.4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एनएसडीएल और बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में 1.1 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। 27 फरवरी को सेंसेक्स 81,287 अंक पर था जबकि 27 मार्च को यह 73,583 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों का पिछले एक महीने का लेखा–जोखा देखें तो इस दौरान टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.2 फीसदी तेजी आई है जबकि सन फार्मा का शेयर 1.7 फीसदी चढ़ा है। दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी के शेयरों में 17.8 फीसदी गिरावट आई है जबकि बजाज फाइनेंस 17.4 फीसदी गिरा है। 1.1 लाख करोड़ के शेयर बेच चुके हैं विदेशी निवेशक मारुति और बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा गिरावट आई है टेक महिंद्रा और सन फार्मा में सबसे ज्यादा तेजी आई है रिलायंस के शेयरों में गिरावट शुक्रवार को देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.6% गिरावट आई। इससे सेंसेक्स 1,690 अंक यानी 2.3% गिरावट के साथ 73,583 अंक पर आ गया। सरकार ने पेट्रो–प्रोडक्ट एक्सपोर्टर्स पर फिर से विंडफॉल टैक्स लगा दिया है।

# लोन से जमा पैसे तक में लापरवाही, आरबीआई ने तीन सरकारी बैंकों पर लिया बड़ा एक्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अलग-अलग नियमों और दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के कारण तीन सार्वजनिक बैंकों पर कुल दो करोड़ 17 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स पर भी तीन लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई के मुताबिक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग की समुचित व्यवस्था न करने और परिसंपत्ति वर्गीकरण तंत्र में मानवीय हस्तक्षेप करने के लिए 95.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने पाया कि बैंक ने धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्टिंग के लिए ग्राहकों को अलग-अलग चैनलों पर 24 घंटे रिपोर्टिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई।




### बैंक ऑफ इंडिया

इसके अलावा, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक पर प्राथमिक सेक्टर को लोन देने और जमा पर ब्याज संबंधी नियमों के उल्लंघन का आरोप है। सर्विस चार्ज, निरीक्षण शुल्क और प्रोसेसिंग चार्ज वसूले थे। इसके अलावा बैंक ने सावधि जमा खातों पर मैच्योरिटी की तारीख से पैसे ग्राहकों को देने की तारीख तक के लिए ब्याज भुगतान नहीं किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)